सुविचार

अगर आप हार नहीं मानते, तो आपको कोई नहीं हरा सकता।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 18 | अंक: 5 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, बुधवार 2 अगस्त, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

### गहलोत बोले- मैंने गांधी का ज्यादा अध्ययन नहीं किया

# गांधी के देश से होने की वजह से पीएम मोदी का विदेशों में होता हैं सम्मान

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि मैंने गांधी का बहुत ज्यादा अध्ययन नहीं किया है। मैंने तो केवल गांधी की जीवनी पढ़ी होगी। केंद्र में गांधी पर किताबें आती थीं। गांधी जी का साहित्य छपता रहता था। हमारे जोधपुर गांधी केंद्र के संचालक नेमीचंद भाउ के वहां बैठकर कुछ पढ़ लेते थे। तब भी मेरे दिल में गांधी को लेकर विशेष भाव हैं। जो गांधी का अध्ययन कर चुका है, वह देश-दुनिया में क्या व्यक्तित्व रखता होगा? गहलोत जयपुर में शांति और अहिंसा विभाग के गांधी दर्शन ट्रेनी सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा- मैंने पीएम नरेंद्र मोदी को एक मीटिंग में कहा था कि मोदी जी, आप दुनिया भर में जाते हो, आपका सम्मान क्यों होता है? आपका सम्मान इसलिए होता है, क्योंकि लोग कहते हैं- आप गांधी के देश से आए हो। आप उस देश से आए हो, जहां 70 साल बाद भी लोकतंत्र मजबूत रहा है। इसलिए आपका सम्मान होता है।

#### धर्म के नाम पर राजनीति से देश एक नहीं रह सकता

गहलोत ने कहा- धर्म के नाम पर जिस तरह की राजनीति चल रही है। वह देश को एक नहीं रख सकती। धर्म के नाम पर आप लोगों को भड़का सकते हैं। थोड़े समय के लिए लोगों को बरगला सकते हैं, लेकिन लंबे समय तक नहीं चल सकता। रूस इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उसके 15-16 टुकड़े हो गए। हमारा देश आजादी के 75 साल बाद भी एक और अखंड क्यों है। क्योंकि गांधी जी का संदेश है। उसकी भावना से लोकतंत्र मजबूत है। उस सद्भावना के आधार पर देश चला है। हमारे सामने चुनौती आई, लेकिन हम एक रहे।



#### देश में संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं

गहलोत ने कहा- गांधीवाद आज देश की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आज देश-दुनिया में क्या हो रहा है, गांधी के संदेश का आज के वक्त में क्या महत्व है। क्या चिंता है देशवासियों की? देश किस दिशा में जा रहा है। किस प्रकार से संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। मणिपुर में क्या हो रहा है। प्रधानमंत्री राजनीति करने के लिए मणिपुर को राजस्थान, छत्तीसगढ़ से कम्पेयर कर रहे हैं जो दुर्भाग्य है। प्रधानमंत्री का पद गरिमा वाला पद होता है। पीएम कह रहे हैं, मणिपुर, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री को चाहिए कि वहां हिंसा हो रही है, महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, उनको रोके। यह गलत है। देश में यह स्थिति बन जाए, तब लोकतंत्र खतरे में आ जाता है। संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं। ऐसे वक्त में गांधीवाद के लिए काम करने वाले कार्यकताओं की भूमिका बढ़ जाती है। वह सब क्रांति करने के लिए निकल पड़े हैं।

#### राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा में गांधी जी के सिद्धांतों की बात की

गहलोत ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी का लोगों ने खुले दिल से स्वागत किया था। उन्होंने पूरी यात्रा के दौरान गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत पर ही बात की थी। राहुल गांधी कहते हैं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहता हूं। जिस रूप में उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी का मुद्दा उठाया और देश में प्रेम, मोहब्बत, भाईचारा रहे, इसके लिए आवाज उठाई। उससे पूरे देश में एक मैसेज गया।

गहलोत ने कहा- देश में जिस तरह के हालात बने हुए हैं। उसके बीच एक के बाद एक हमने कई प्रयोग भी किए हैं। गांधीवाद का संदेश गांव-गांव तक पहुंचे। लोग इससे जुड़ें। एक अलग से कारवां निकल पड़े। जब जरूरत हो तो मालूम पड़े कि गांधीवादी विचारों के नई पीढ़ी के लोग सड़कों पर आए हैं। अहिंसा की बात करने के लिए युवा पीढ़ी गांधी जी की जीवनी पढ़ें।

## कांग्रेस अध्यक्ष का बड़ा आरोप- 'BJP में अपनों के प्रति आक्रोश

*वे एक कमरे में साथ भी नहीं बैठ सकते'*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में चुनावी माहौल शुरू हो चुका है। ऐसे में 9 अगस्त को आदिवासी दिवस पर राहुल गांधी की उदयपुर संभाग के बांसवाड़ा जिले स्थित मानगढ़ धाम में बड़ी सभा होने वाली है। इसको लेकर कांग्रेस राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित अन्य कांग्रेस नेता उदयपुर पहुंचे। उन्होंने इखढ को लेकर कई निशाने साधे। यही नहीं, यह तक कहा कि 25 में से 25 सांसद दो बार से जा रहे हैं। ऐसी पार्टी है यह कि एक कमरे में साथ नहीं बैठ सकती, तो क्या विकास करेगी?

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को हमारे नेता राहुल गांधी उदयपुर आ रहे हैं। इसी बैठक को लेकर हम यहां पर आए हैं। यहां तीन जिलों की बैठक करेंगे, उसके बाद बांसवाड़ा जाएंगे और वहां के पदाधिकारी के साथ बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री से मानगढ़ धाम को लेकर जो राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग की थी। वह नहीं कर पाए, लेकिन हमारी सरकार से जो भी कुछ संभव होगा वह किया जाएगा। चुनावी बिल्कुल बज चुका है और हम भी आदिवासी दिवस पर आदिवासियों के साथ में कांग्रेस पार्टी का चुनावी शंखनाद करेंगे।

#### '2024 में पीएम मोदी नहीं रहेंगे ढट'

उन्होंने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम, तेलंगाना में सरकार बन रही है, तो मैं सोचता हूं कि 2024 पीएम मोदी के लिए कठिन होगा। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि वह तीसरी बार पीएम नहीं बनेंगे। पीएम मोदी सिर्फ मन की बात करते हैं, काम की बात नहीं। क्योंकि 6-7 बार राजस्थान आ चुके हैं, लेकिन काम की बात नहीं की है। उन्होंने जो वादे किए वह शायद भूल चुके हैं या वह वादे पूरे करना नहीं चाहते। कोई घोषणा नहीं की उन्होंने।

#### BJP दो टुकड़ों में बंटी है

प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी टुकड़ों में बटी हुई है। यह तो प्रतिपक्ष की भूमिका निभाई ही नहीं पा रहे हैं। यह तो आपस की लड़ाई लड़ रहे हैं। एक साथ एक कमरे में यह लोग नहीं बैठ सकते हैं। यह अभी जो अभियान चला रहे हैं, नहीं सहेगा राजस्थान। यह अभियान तो इनके 25 सांसदों पर लागू है। इन चार साढे चार साल में कोई काम नहीं किया, जबकि दो टर्म से 25 में से 25 सांसद जा रहे हैं। इसके बाद भी एक भी गिनने जैसा काम नहीं किया। राजस्थान सरकार की गुड गवर्नेंस से लोग खुश है, आक्रोश केंद्र पर हैं।

## बेखौफ बदमाश:बंदूक दिखाकर ढाई लाख लूटकर हुए फरार

*पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**शाहपुरा।** शाहपुरा थाना इलाके के डीटीओ ऑफिस के पास रामतलाई में सोमवार रात को बाइक सवार बदमाशों ने बंदूक की नोक पर एक व्यक्ति से ढाई लाख रूपए लूटने और मौके से फरार होने का मामला सामने आया है। वारदात के दौरान बदमाशो द्वारा हवाई फायर करने की भी बात सामने आ रही है। सूचना पर शाहपुरा पुलिस उपाधीक्षक उमेश निठारवाल, शाहपुरा थाना प्रभारी अरूण पूनिया मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए इलाके में नाकाबंदी भी करवाई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस संबंध में बिदारा निवासी साधुराम यादव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार साधुराम यादव एमडीएस होटल के मालिक से करीब ढाई लाख रुपए लेकर बाइक से अपने घर जा रहा था। रास्ते में एक अन्य बाइक पर दो युवक बैठे हुए थे।

बाइक सवार दोनों युवकों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। पीड़ित साधुराम यादव जैसे ही अपने घर की तरफ जाने के लिए कच्चे रास्ते पर बाइक लेकर गया तो दोनों युवकों ने उसे रुकने को कहा, लेकिन वह नहीं रुका और बाइक को तेज गति से चलाते हुए घर की तरफ जाने लगा।

## हरियाणा में झुलसी आग का राजस्थान में भी असर! भरतपुर में इंटरनेट बंद, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**भरतपुर।** हरियाणा के नूंह और सोहना में विश्व हिंदू परिषद् की यात्रा के दौरान हुई हिंसा के बाद अब राजस्थान के मेवात क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने राजस्थान के भरतपुर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए 4 इलाकों में इंटरनेट बैन कर दिया है। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने मंगलवार सुबह पहाड़ी, कामां, सीकरी, नगर में मंगलवार सुबह 6 बजे बुधवार सुबह 6 बजे तक इंटरनेट बैन कर दिया है। इन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के साथ ही इंटरनेट मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं हरियाणा और राजस्थान सीमा पर पुलिस ने मार्च निकाला।

## BJP कार्यकताओं का सचिवालय कूच, वॉटर कैनन से खदेड़ा

### जोशी-शेखावत समेत कई बड़े नेताओं ने दी गिरफ्तारी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** बीजेपी ने आज राज्य सरकार के खिलाफ जयपुर में बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदेश बीजेपी ऑफिस पर सभा के साथ ही पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने सचिवालय घेराव के लिए कूच किया। स्टेच्यू सर्किल पर पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल कर बीजेपी कार्यकताओं को खदेड़ दिया। वहीं, उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया समेत कई नेताओं की पुलिस से झड़प हो गई। पुलिस के साथ धक्का-मुक्की में कुछ कार्यकताओं को चोटें आई हैं। प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, सांसद राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, सांसद सुमेधानंद सहित बीजेपी के कई बड़े नेताओं ने गिरफ्तारियां दीं।

सचिवालय घेराव से पहले प्रदेश बीजेपी कार्यालय के बाहर सभा आयोजित की गई। यहां नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा- आज के प्रदर्शन में आया एक-एक कार्यकर्ता गहलोत सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम करेगा। वहीं, राजस्थान की जनता सीएम अशोक गहलोत के दोनों पैरों में बंधी पट्टियां खोलने का काम करेगी।बीजेपी का दावा है कि इस घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से लाखों लोग जयपुर आए। बीजेपी के 'चलो जयपुर' नारे को पीएम नरेंद्र मोदी ने भी समर्थन दिया। इस आंदोलन के जरिए बीजेपी के 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान का समापन हो गया।



आज बीजेपी ने इस रणनीति को ध्यान में रखा कि यहां पर भीड़ दिखाई जाये। इसे लेकर पार्टी ने शहर में अलग-अलग तरीके से भीड़ को कर दिया था। दरअसल, शहर में चारों तरफ से बीजेपी के कार्यकर्ता आये हुए थे। ऐसे में 22 गोदाम होते हुए लोग सचिवालय की तरफ आगे बढे। इस दौरान लोगों ने नहीं सहेगा राजस्थान का नारा भी लगाया है।

#### ट्रैक्टर पर दिखे अरुण और किरोड़ी

प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर पर अरुण सिंह और किरोड़ी लाल मीणा बैठे हुए थे। वहीं दूसरी तरफ महिला कार्यकताओं ने खूब ताकत दिखाई है। कई तो स्टैच्यू सर्किल पर ही बैठ गईं थी। सचिवालय से पहले बड़ी संख्या में बीजेपीई डटे रहे। पुलिस ने वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया है। इस दौरान भी बीजेपी के कार्यकर्ता डटे रहे। पुलिस को काफी मशक्क्त करनी पड़ी। इसे लेकर वहां पर गहमा-गहमी का भी माहौल बना रहा।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी के VC हुए लापता! स्टूडेंट्स ने कैंपस में लगाए पोस्टर




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में एक तरफ जहां विधानसभा चुनावों को लेकर गहमागहमी बनी हुई है वहीं दूसरी ओर राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ चुनावों के ऐलान से पहले ही छात्रनेता अपना दमखम दिखाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को यूनिवर्सिटी कैंपस में छात्रों ने कुलपति प्रो। राजीव जैन के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन किया जहां छात्रों ने कैंपस में वीसी के लापता होने के पोस्टर लगा दिए और जमकर नारेबाजी की। वहीं कुछ छात्रों ने इस दौरान कैंपस में सांकेतिक रूप से कुलपति को ढूंढने की कोशिश भी की। इसके बाद छात्र कुलपति सचिवालय पहुंचे और वहां पहुंचकर गांधीवादी तरीके से सभी ने गुलाब का फूल हाथों में लेकर भजन गाकर अपना विरोध दर्ज किया। आरयू जहां प्रदर्शन के दौरान लाठियां-डंडे चलते देखे जाते हैं वहां गांधीवाधी तरीके से अनोखा विरोध प्रदर्शन देखा गया।

#### कुलपति को लेकर खासी नाराजगी

वहीं छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान नेतृत्व कर रहे राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रनेता हरफूल चौधरी ने कहा कि यूनिवर्सिटी में कुलपति की पहुंच छात्रों से बहुत दूर हो गई है और छात्र अपनी समस्याओं को लेकर घूमते रहते हैं लेकिन कोई सुनवाई करने वाला नहीं है।

चौधरी ने कहा कि पिछले लंबे वक्त से कुलपति ने किसी भी स्टूडेंट्स से संवाद नहीं किया और छात्रों की समस्याओं के लिए कुछ भी नहीं हो रहा है। हरफूल ने बताया कि छात्रों की समस्या को लेकर यूनिवर्सिटी में आज जगह-जगह कुलपति के लापता होने के पोस्टर लगाए गए हैं ताकि अगर वो हमें मिले तो हम उन्हें आम स्टूडेंट्स की समस्याओं के बारे में जानकारी दे सकें।

## एसडीएम पर विवाद, पायलट समर्थक MLA ने खोला मोर्चा

### भाकर बोले- चुनावी साल में भ्रष्ट अफसर को लगाया, सरकार की छवि खराब होगी

**जयपुर।** RAS अफसरों के तबादलों पर सियासी विवाद शुरू हो गया है। सचिन पायलट समर्थक विधायक मुकेश भाकर ने लाडनूं एसडीएम बनाए गए कार्तिकेय मीणा को भ्रष्ट अफसर बताते हुए सरकार और सीएम के विशेषाधिकारी (ओएसडी) पर सवाल उठाए हैं। कार्तिकेय मीणा का तबादला बूंदी के तालेड़ा से नागौर के लाडनूं एसडीएम पद पर किया है। ट्रांसफर लिस्ट आने के कुछ ही घंटे बाद मुकेश भाकर ने ट्वीट करके एसडीएम और सीएम के ओएसडी पर निशाना साधा। भाकर ने कार्तिकेय मीणा का पुराना वीडियो ट्वीट करते हुए सीएम के ओएसडी पर तंज किया। भाकर ने लिखा- मैं मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी देवाराम सैनी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने नागौर जिले के लाडनूं में तहसीलदार और एसडीएम रहते हुए जिनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जिसका आचरण आप इस वीडियो से देख सकते हैं, उन्हें लाडनूं में एसडीएम लगाया है।मैं लाडनूं की जनता को सचेत करना चाहता हूं कि इनसे बचकर रहें और किसी भी तरह के भ्रष्टाचार, इनकी तरफ से होने वाली अभद्रता को तुरंत सार्वजनिक करें।



**मुकेश भाकर का ट्वीट:** पीडब्ल्यूडी की जमीन को निजी व्यक्ति के नाम कर दिया। उसकी एसीबी में शिकायत हुई। भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण जिस अफसर को पहले तहसीलदार रहते हटाया गया था, उसे फिर से एसडीएम लगाने पर जनता में भारी आक्रोश है।

## कन्हैयालाल हत्याकांड मामलें में 7 अगस्त को होगी चार्ज बहस

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड मामलें में अब 7 अगस्त को चार्ज बहस होगी। आज एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई टल गई। वहीं 9 में से एक आरोपी मोहम्मद जावेद ने जमानत याचिका पेश की हैं। जिस पर भी अदालत 7 अगस्त को सुनवाई करेगी।

गौरतलब है कि 28 जून 2022 को कन्हैयालाल की मोहम्मद रियाज अटारी और गौस मोहम्मद ने निर्मम तरीके से गला काटकर हत्या कर दी थी।

कन्हैयालाल की हत्या के मामलें में एनआईए ने पाकिस्तान के कराची निवासी सलमान व अबू इब्राहिम को फरार बताते हुए मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद व मोहम्मद रियाज अत्तारी सहित 11 आरोपियों मोहसीन, आसिफ, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अली, फरहाद मोहम्मद शेख उर्फ बबला, मोहम्मद जावेद व मुस्लिम मोहम्मद के खिलाफ खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 449, 302, 307 व 324 (34), 153 ए, 153 बी 295 ए और यूएपीए एक्ट की धारा 16,18 व 20 के तहत आतंकी गतिविधियों के आरोप में चालान पेश किया था।

जिस पर एनआईए की विशेष अदालत ने 9 फरवरी 2023 को हत्या, आतंकी गतिविधियों, आपराधिक षडयंत्र सहित यूएपी एक्ट व आर्म्स एक्ट में प्रसंज्ञान लिया था। गौरतलब है कि कन्हैयालाल टेलर की उदयपुर में 28 जून 2022 को जघन्य हत्या कर आरोपियों ने इस हत्याकांड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। बाद में इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई थी।

## मुकंदरा को जल्दी मिल सकता है बाघों का एक और जोड़ा

**कोटा।** मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व को शीघ्र ही बाघों के एक और जोड़े की सौगात मिल सकती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को सांसद दुष्यंत सिंह से मुलाकात के दौरान यह आश्वासन दिया है। एक बाघिन को शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। सांसद सिंह ने मंगलवार को पर्यावरण मंत्री यादव से संसद भवन में मुलाकात कर मुकंदरा टाइगर रिजर्व को बाघों से आबाद करने की मांग रखी। उन्होंनें कहा कि 2013 में अधिसूचित होने के 10 साल बाद भी हाड़ौती में इको पर्यटन के विकास का स्वप्न साकार नहीं हो सका है। उन्होंनें कहा कि पिछले तीन माह से बाघ एमटी 5 यहां एकाकी जीवन व्यतीत कर रहा है, ऐसे में उसकी स्वयं की सुरक्षा के साथ आसपास की आबादी को भी खतरा है।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
अपना शहर
गरीबों का सितारा
जयपुर
बुधवार, 2 अगस्त, 2023


| पूर्वानुमान> | | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|
| 28° | अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| | न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## हो जाए तैयार...

# खेल : 5 अगस्त को होगा राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक का होगा आगाज

## मिलेगा उपहार : प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने के लिए 7-7 खेलों का होगा आयोजन

### लाखों बने हिस्सा : जयपुर जिले में 2 लाख 91 हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** खेल प्रतिभाओं को तलाशने एवं तराशने के लिए राज्य खेलों की तर्ज पर राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन होगा। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों का आगाज 5 अगस्त, 2023 को होगा। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी शहरी एवं ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के लिए जयपुर जिले में कुल 2 लाख 91 हजार 789 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है।

### ग्रामीण ओलम्पिक में 2 लाख 25 हजार से ज्यादा खिलाड़ी लेंगे भाग

कलक्टर ने बताया कि राजीव गांधी ग्रामीण




ओलम्पिक को लेकर आमजन में बेहद उत्साह देखा जा रहा है। जयपुर जिले में कुल 2 लाख 25 हजार 417 खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया है, जिसमें 1 लाख 37 हजार 362 पुरुष तो वहीं, 88 हजार 50 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। ग्रामीण ओलम्पिक में कब्बडी में सर्वाधिक 52 हजार 79 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है तो वहीं सर्वाधिक 40 हजार 73 महिला खिलाड़ी रस्साकस्सी में अपना दमखम दिखाएंगी।




### शहरी ओलम्पिक के लिए 66 हजार से ज्यादा पंजीकरण

ओलम्पिक के लिए जयपुर जिले में कुल 66 हजार 372 खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया है, जिसमें 46 हजार 81 पुरुष तो वहीं, 20 हजार 287 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। शहरी ओलम्पिक में टेनिसबॉल क्रिकेट में सर्वाधिक 15 हजार 821 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है तो वहीं सर्वाधिक 6 हजार 535 महिला खिलाड़ी खो-खो में अपने हुनर एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

### ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक में होगा 7-7 खेलों का आयोजन

ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक के तहत 7-7 खेलों का आयोजन होगा। ग्रामीण ओलम्पिक के तहत कबड्डी, टेनिसबॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, शूटिंगबॉल, रस्साकशी का आयोजन होगा तो वहीं, शहरी ओलम्पिक के तहत कबड्डी, टेनिसबॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### पंचायतराज्य स्तर तक होंगे आयोजन

ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में ग्राम पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 दिन, ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 5 दिन, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 दिन एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 दिन आयोजित होंगी, वहीं शहरी ओलम्पिक के तहत पालिका स्तरीय प्रतियोगिताएं 6, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 दिन एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 आयोजित होंगी।

## पंचाग

दिनांक: 02 अगस्त 2023 बुधवार
विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | प्रथम | 20:05:19 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | श्रवण | 12:57:19 |
| योग | आयुष्मान | 14:32:12 |
| करण | बालव | 10:02:55 |
| करण | कौलव | 20:05:19 |
| चन्द्र राशि | मकर | 23:25:10 |
| चन्द्र राशि | कुम्भ | 23:25:10 |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:52:45 |
| सूर्यास्त | 19:13:12 | |
| चंद्रोदय | 20:06:13 | |
| चंद्रास्त | 06:19:36 | |
| राहू काल | 12:33 - 14:13 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| लाभ | 05:53 - 07:33 | शुभ |
| अमृत | 07:33 - 09:13 | शुभ |
| शुभ | 10:53 - 12:33 | शुभ |
| चर | 15:53 - 17:33 | शुभ |
| लाभ | 17:33 - 19:13 | शुभ |



**विशेष जानकारी**
पंचक प्रारम्भः- 23:26रात्रि से

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

*साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का दूसरा दिन*

# व्यास पीठाचार्य पंडित रामबाबू शास्त्री ने शुकदेव व वेदव्यास जी के जीवन चरित्र का सुनाया प्रसंग





### कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भक्ति रस से सराबोर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** शहर के एनएच 11 स्थित मगध नगर कॉलोनी के सामुदायिक भवन में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के आयोजन के द्वितीय दिवस के अवसर पर ब्यास पीठ पर विराजमान व्यासपीठ आचार्य कथा वाचक पंडित रामबाबू शास्त्री ने शुकदेव जी व वेदव्यास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला । साथ ही पांडाल में उपस्थित श्रीमद् भागवत का श्रवण करने आए श्रद्धालुओं व भक्तजनों को श्रीमद्भागवत के माध्यम से जीवन मूल्यों को समझाया । साथ ही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के बीच भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से भक्तजनों व पांडाल में उपस्थित माता बहिनों को भक्ति के रस में डूबो कर भक्ति की धारा से सराबोर कर चेहरों पर प्रसन्नता की रौनक बिखेर दी । इससे पूर्व मुख्य यजमान अशोक पारीक व रमेश बजाज ने पूजा अर्चना करवा कर श्रीमद्भागवत के दूसरे दिन की कथा आरंभ करवाई । इस दौरान कृपा शंकर शर्मा, रामावतार शर्मा , प्रेम सिंह सोलंकी,मनोज शर्मा व सैकड़ों माताओं बहनों सहित अनेक श्रद्धालु व भक्तजन उपस्थित रहे।

*नगर पालिका चौमूं हुई क्रमोन्नत*

# चौमूं नगर पालिका बनी नगर परिषद स्वायत शासन विभाग ने की अधिसूचना जारी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** । नगर पालिका चौमूं को हाल ही में बजट सत्र 2023 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा नगर परिषद बनाने की घोषणा की गई थी । जिसके मद्देनजर प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए ( मूर्त रूप देते हुए ) मंगलवार को स्वायत शासन विभाग राज. जयपुर के निदेशक व विशिष्ट सचिव ह्रदेश कुमार शर्मा द्वारा चौमूं नगरपालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत करने की अधिसूचना जारी कर दी गई। व अधिसूचना को तुरंत प्रभाव से प्रभावशील होने के आदेश जारी कर दिए गये ।विभाग के निदेशक ह्रदेश कुमार शर्मा ने अधिसूचना जारी कर अधिसूचना के माध्यम से बताया कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 329 सपठित धारा 337 की शक्तियों का प्रयोग करते



हुए विभागीय अधिसूचना क्रमांक 2428 दिनांक 17 जुलाई 2023 के द्वारा निर्धारित मानको में शिथिलन को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा नगरपालिका चौमूं जिला जयपुर को तृतीय श्रेणी नगरपालिका से नगर परिषद में क्रमोन्नत किया जाता है । साथ ही यह अधिसूचना तुरंत प्रभाव से प्रभावशील होगी ।

# हिन्दी साहित्य की वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. नीरजा उपाध्याय का सेवाकाल निष्पक्ष और प्रशंसनीय रहा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा के निर्देशन में हिन्दी साहित्य वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. नीरजा उपाध्याय के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य डॉ. लोढ़ा ने डॉ. उपाध्याय के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान व स्नेहपूर्ण कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उनके लिए शुभकामनाऐं प्रेषित की। शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने अपने उद्बोधन में शिक्षक के रुप में डॉ. नीरजा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि आपने अध्यापन के क्षेत्र में शिक्षण संस्कृति का अक्षरशः पालन करते हुए अपने अनुगामी जन के लिए श्रेष्ठ मार्ग प्रदर्शित किया है। महाविद्यालय के व्याख्याता अनूप आर्य, गिरीश कुमार बैरवा, सुनीता जैन, सिमरन आसनानी, दीपा, आशा योगेश्वर आदि ने अपने विचार रखे समारोह में शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया, मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा एवं अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल व सम्मान पत्र भेंट कर डॉ. नीरजा को सम्मानित किया ।

सम्मान से अभिभूत डॉ. नीरजा नें शिक्षण समिति एवं समस्त महाविद्यालय परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की ।इस अवसर पर डॉ. नीरजा की अग्रजा बीना शर्मा ने समारोह के आयोजन हेतु वर्द्धमान शिक्षण समिति का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। डॉ. नीरजा ने शिक्षण समिति व महाविद्यालय परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट किए इस मौके पर शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष प्रकाश गादिया, कोषाध्यक्ष रमेश मेड़तवाल, प्रचार मंत्री दीपचन्द कोठारी व पूर्व संकाय सदस्य डॉ. नमिता जालान, सत्यनारायण कुमावत, नीतू पारीक एवं सभी संकाय सदस्य उपस्थित थे ।

# हर्ष : अलवर जिले की टीम ने 3 स्वर्ण ओर 3 कांस्य पदक जीते

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा/अलवर।** करौली में 29 से 31 जुलाई को आयोजित हुई राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजेताओं ने पदक जीते। जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव ने बताया कि राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक वर्ग में हैदर अली स्वर्ण पदक, तनिष्क उपाध्याय कांस्य पदक ओर बालिका वर्ग में दिव्या शर्मा स्वर्ण पदक, अनुष्का स्वर्ण पदक, कोमल कांस्य पदक, मनस्वी कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव एवं



कोच संजीव शर्मा ने विजेता रही बालक बालिकाओं बधाइयां दी इस टीम का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच गिरीश शर्मा मनीष सैनी हुकुम सिंह एवं निशा ने किया बॉक्सिंग संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विधालय में दीनदयाल शर्मा प्रधानाचार्य पद पर हुए नियुक्त

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा संस्कृत शिक्षा में प्राध्यापक से प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति की गई। जिसके तहत राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय सरमथुरा में पदस्थापित प्राध्यापक दीनदयाल शर्मा (कार्यवाहक प्रधानाचार्य) की प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति हुई है।इस खुशी में विद्यालय के स्टाफ द्वारा विद्यालय समयोपरांत शर्मा का साफा बांधकर ,माल्यार्पण कर सम्मान किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे व्याख्याता दुवेदी ने बताया कि दीनदयाल शर्मा बहुत ही कर्मठ, परिश्रमी, उदार और कर्तव्यपरायण व्यक्ति रहे है। इनके पदोन्नति होने पर समस्त विद्यालय परिवार को हर्ष का अनुभव हो रहा है। इस अवसर



पर विद्यालय के पूर्व अध्यापक मोहन शर्मा ने बताया कि डी डी सर विगत 20 वर्षों से विद्यालय में राजनीति विज्ञान का अध्ययन कराते हुए अपनी सेवा दे रहे है। राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ के रूप में क्षेत्र में जाने जाते है। शर्मा बहुत ही सरल ,नेक इंसान ,मिलनसार ,उदार छात्र हितैषी है। आज पदोन्नति होने पर अपार हर्ष हो रहा है। मैं इन्हें इनके आगे के जीवन के लिए असीम शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। इस दौरान समस्त विद्यार्थी एवं स्टाफ मौजूद रहे

# गाँव की मिट्टी में सेना की महक, हर दूसरे घर से इसका सीधा रिश्ता

### 100 घरों की बस्ती ने देश को दिए 90 जवान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के हरियाणा सीमा से लगता हुआ उपखंड क्षेत्र का अंतिम गाँव नालोता में हर घर से सेना में जाने की हसरत इस गांव की खूबसूरती है। दसवीं कक्षा पास करने के बाद जवान होने की दहलीज पर खड़ा यहां का हर छात्र सीधा सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने की ललक रखता है। यहां के हर घर में सेना का अनुशासन, समपर्ण और साहस बसा हुआ है। न जातियों की दूरी न अमीर-गरीब की खाई, मदद करने का अनूठा जज्बा इस जवान गाँव नालोता में देखने को मिलता हैं। बहरोड़ तहसील का यह गांव शूरवीरों का है। लगभग हर दूसरे घर का सेना से सीधा रिश्ता रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव लगभग 600 वर्ष पूर्व का बसा हुआ माना जाता है। गांव के दोनों और अरावली पर्वतमाला की लंबी





श्रखंला विराजमान है। जो गाँव को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाने में सहायक रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले पर्वत के ऊपरी हिस्से से पानी के तेज बहाव के साथ निरन्तर एक नाला निकलता था।जो वर्तमान में केवल मात्र बरसाती दिनों में ही देखने को मिलता है।इसी कारण इस गांव का नाम नालोता पड़ा।यहां की सबसे मुख्य बात यह है की तहसील का एकमात्र ऐसा गांव है जिसकी सीमाएं 2 राज्यों सहित तीन जिलों से मिलती हैं। जिसमें हरियाणा का महेंद्रगढ़ व राजस्थान के अलवर व जयपुर से सीमा का मिलान होता है। गाँव मे मात्र 100 घरों की बस्ती में आर्मी सहित विभिन्न सेना में लगभग 90 जवान देश के विभिन्न हिस्सों में सेवा दे रहे है। सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं से यह गाँव पिछले लंबे समय से वंचित रहा है। जब राजस्थान के दूर स्थित ढाणियों को छोड़कर बाकी सभी गांवों में विधुत लाईन से रोशनी फैल चुकी थी। तब भी इस गाँव ने विधुत से जलने वाली रोशनी व टेलीविजन के दर्शन तक नही किए थे। काफी प्रयास के बाद 2008 में ग्रामीणों ने विधुत उपकरणों के दर्शन किए। आज भी सेना के विभिन्न विभागों में कार्यरत जवान छुट्टी आने पर गांव में युवाओं की तैयारियों में जुट जाते है। इनका कहना है कि सरकार जिस तरह विकास के नाम पर पिछले लंबे समय से हमारे गांव को अनदेखी कर रही है। हम सरकार को अपने बल पर इस गांव को राजस्थान का सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट गाँव बनाएंगे।

# लॉयन्स ईन्टरनेशनल के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लॉयन डा. नरेश अग्रवाल को तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया

*उप प्रान्तपाल श्याम सुन्दर मंत्री के जन्मदिवस को प्रान्त का संस्कार दिवस के रूप में मनाने की घोषणा*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** जोधपुर में आयोजित प्रान्तीय पद स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि लॉयन्स ईन्टरनेशनल के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लॉयन डा. नरेश अग्रवाल का कुचामन सिटी निवासी चलो प्रान्त 3233 ई 2 के उप प्रान्तपाल श्याम सुन्दर मंत्री, क्षैत्रिय अध्यक्ष हेमराज पारीक ने तिरंगा एवं संस्कार सुरभि पुस्तक भेंट कर सम्मान किया ।पद स्थापना अधिकारी लॉयन्स ईन्टरनेशनल के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक लॉयन डा. वी के लाड़ीया ने प्रान्तपाल लॉयन डा. संजीव जैन की टीम एवं केबिनेट को दायित्व बोध कराते हुए पद स्थापित किया । पद स्थापना के अवसर पर डा. लाड़ीया ने उप प्रान्तपाल श्याम सुन्दर मंत्री की संस्कार, सहजता, सरलता एवं सादगी की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से की । और प्रान्तपाल डा. संजीव जैन ने श्याम सुन्दर मंत्री को प्रान्त में संस्कार का ब्रांड एम्बेसडर की ज़िम्मेदारी देते हुए इनके जन्मदिन को प्रान्त में संस्कार दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज़ ब्रीफ

## सवा लाख बिलपत्रों के साथ महामृत्युंजय जाप अनुष्ठान संपन्न





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रोहन शर्मा/आमेर।** राजधानी जयपुर के (आमेर) स्थित श्री ठाकुर जी सीताराम जी के मंदिर मेहन्दी का बास में सावन मास के महीने में सर्व कल्याण की भावना से विशेष सावन रुद्राभिषेक व सवा लाख महामृत्युंजय जाप अनुष्ठान के समापन पर पूणार्हुति हुई। मंदिर परिसर के महंत ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि महाजाप में 51 जोड़ो द्वारा आहुति देते हुए विश्व शांति और देश में खुशहाली की कामना की 108 विद्वान पंडितों द्वारा सवा लाख महामृत्युंजय मंत्रों का महाजाप सावन के अवसर पर आयोजित किया गया। भगवान शिव को देश की विभिन्न नदियों के पानी का जलाभिषेक कराया भगवान शिव को बिलपत्र अर्पण कर सवा लाख बिलपत्रों और 56 प्रकार के फल व फूलों की झांकी भी सजाई गई। भगवान शिव की भव्य बर्फ की झांकी के साथ-साथ छप्पन भोग की आरती व भस्म आरती भी की गई कार्यक्रम के समापन पर कन्या भोजन के साथ और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

**मंत्र का जप करना परम फलदायी-:** मंदिर परिसर के पुजारी सोनू शर्मा ने बताया कि जल प्रलय और प्राकृतिक आपदा की मुक्ति के साथ आरोग्य के वरदान की कामना की गई। उन्होंने बताया कि सर्वजन सुख के लिए सभी देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना के लिए आह्वान किया गया। शास्त्रों और पुराणों में असाध्य रोगों से मुक्ति और अकाल मृत्यु से बचने के लिए महामृत्युंजय जप करने का विशेष उल्लेख मिलता है। महामृत्युंजय भगवान शिव को खुश करने का मंत्र है। महामृत्युंजय मंत्र का जप करना परम फलदायी है।

## कॉन्स्टेबल विक्रम मीणा वीरता पुरस्कार से हुए सम्मानित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा कोटपूतली।** पुलिस मुख्यालय ने किया हैड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नति। कोटपूतली के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी विधा प्रकाश के गनमैन पद पर कार्यरत कॉन्स्टेबल विक्रम मीणा को पुलिस गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कॉन्स्टेबल मीणा निकटवर्ती ग्राम कारौली का मूल निवासी है। साथ ही विगत डेढ़ वर्षो से एएसपी कार्यालय में गनमैन के पद पर कार्यरत है। मीणा ने राजू ठेहट हत्याकाण्ड के आरोपियों को जिंदा पकडने. में महत्वपूर्ण भुमिका निभाई थी। जिस पर राज्य सरकार द्वारा उन्हें पुलिस गैलेंट्री अवॉर्ड प्रदान किया गया है। राजस्थान पुलिस महानिदेशक कार्यालय ने विक्रम मीणा को पदौन्नत करते हुए हैड कांस्टेबल बनाया है। उनकी उपलब्धि पर ग्रामीणों व परिजनों में हर्ष का माहौल है। इस मौके पर विराटनगर विधायक इन्द्राज गुर्जर, कारौली सरपंच श्रवण सिंह शेखावत, बिशन सिंह मीणा, आरटीओ इंस्पेक्टर धर्मपाल गुर्जर, युवा नेता अमीचंद दायमा, रामस्वरूप मुक्कड़, हवलदार महिपाल सिंह, इंजी. बिट्टू सिंह, दिनेश मीणा, कृष्ण गुरूजी, इंजी. महेश सिंह, ईश्वर मीणा, बच्चन गुर्जर, पिन्टु मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।



## राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेल की तैयारी को लेकर बैठक हुई संपन्न

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेल की तैयारियां मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा कैलाश चंद्र के सानिध्य में तैयारी बैठक आयोजित कर प्रारंभ की गई सह संयोजक एवं प्रधानाचार्य अब्दुल हनीफ खान ने बताया कि शहरी ओलंपिक खेल उपखंड अधिकारी एवं आयुक्त ब्यावर मृदुल सिंह के सानिध्य में 5 अगस्त 2023 से प्रारंभ होकर 10 अगस्त 2023 समापन होगा।

शहरी खेल में कुल 1264 टीमों का गठन हुआ है तथा शहरी क्षेत्र में 3408 खिलाड़ियों का पंजीयन हुआ है ब्यावर शहरी क्षेत्र में 3 कलस्टर बनाए गए हैं। जिसमें कबड्डी टेनिस बॉल क्रिकेट वॉलीबॉल फुटबॉल बास्केटबॉल एथलेटिक्स 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर खेल तीन कलस्टर 14 15 तथा 16 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैन गुरुकुल ब्यावर राजकीय सनातन धर्म उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी रोड के तत्वाधान में होंगे इस हेतू आज व्यापक रूप से तैयारियां की गई । जिसमें शहरी क्षेत्र की विभिन्न गठित समितियां जिसमें नगर परिषद समिति आयोजन समिति स्वागत समिति कार्यालय नियंत्रण समिति पुरस्कार व्यवस्था समिति उद्घाटन समारोह समिति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति उद्घाटन उपकरण व्यवस्था वितरण समिति प्राथमिक चिकित्सा समिति समिति समिति समिति आमंत्रण पत्र लेखन समिति प्रेस विज्ञप्ति मीडिया प्रबंधन तथा कोर कमेटी कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रधानाचार्य एवं संयोजक अब्दुल खान नगर परिषद ब्यावर से सचिव विकास कुमावत कमल सिंह शेखावत सहायक नगर नियोजक सुनील यादव एक्स ई एन पप्पू सिंह गुर्जर एईएन शाहरुख खान जेईएन के सी मीणा स्वास्थ्य निरीक्षक हरिराम स्वास्थ्य निरीक्षक अंजुम अली अंसारी तथा जिला खेल प्रतिनिधि नरेश कुमार वरिष्ठ शा शिक्षक पटेल ब्यावर एवं प्रधानाचार्य महेश शर्मा दिनेश कुमार रमेश दाधीच सुमन बाला सैनी हेमलता चौहान अर्चना पाटनी रेनू बाला चौधरी पुरुष एवं समिति सदस्य तथा सभी शारीरिक शिक्षकों ने बैठक में भाग लिया। बैठक का संचालन उप प्रधानाचार्य गुरुशरण गोयल ने किया।

भाजपा के 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत जयपुर में महाघेराव किया

# भाजपा का जयपुर में ऐतिहासिक महाघेराव बना महा संघर्ष का मैदान

**प्रदेशभर के साथ अजमेर देहात से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे**

**कांग्रेस सरकार के खिलाफ बीजेपी के सभी बड़े नेता प्रदेश मुख्यालय से सभा के बाद सचिवालय के घेराव के लिए कूच किया**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर, ब्यूरो चीफ (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान में भाजपा नेतृत्व के द्वारा 'नहीं सहेगा राजस्थान अभियान' के तहत मंगलवार को राजधानी जयपुर में 'महाघेराव' का आह्वान किया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के इस ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन में प्रदेश भर से उमड़े जन सैलाब में अजमेर देहात से जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता सम्मलित हुए ।राजस्थान में भाजपा की ओर से पेपरलीक, भ्रष्टाचार, दलित अत्याचार, बहन-बेटियों पर अत्याचार, किसान कर्जमाफी और बेलगाम अपराध पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। नहीं सहेगा राजस्थान के तहत विरोध प्रदर्शन कार्यक्रममें यह ऐतिहासिक प्रदर्शन है। राजस्थान प्रदेश के सभी शहरों के अलावा गांव-गांव ढाणी-ढाणी से बड़ी संख्या में उत्साह से लोग जयपुर पहुंचे हैं।

सभी बीजेपी कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय से कूच कर स्टैच्यू सर्किल पहुंचे जहां पुलिस बलों ने बेरिकेड्स से भीड़ को रोकने का प्रयास किया लेकिन भाजपा कार्यकताओं द्वारा सचिवालय की ओर मजबूती से बढ़े। इस दौरान पुलिस के साथ झड़प भी हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया। भाजपा के सभी कार्यकताओं ने जयपुर में सचिवालय घेराव कार्यक्रम में विवादास्पद 'लाल डायरी' का भी जोर रहा है। वहीं प्रदर्शन के दौरान सांसद से लेकर कार्यकताओं के हाथों में भी लाल डायरी दिखाई दी ।अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने सरकार पर तुष्टिकरण, वादा खिलाफी और युवा, किसानों, महिलाओं और सभी वर्गों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा की यह महाघेराव कॉग्रेस सरकार को हमेशा हमेशा के लिए विदा करने वाला आंदोलन होगा। इस महाघेराव में सैंकड़ो ट्रैक्टरों की रैली निकालकर भी प्रदर्शन हुआ इस दौरान भाजपा अजमेर देहात से ब्यावर, नसीराबाद, पुष्कर, मसूदा, केकड़ी विधानसभाओं और मंडलो व बूथों सहित इस आंदोलन में ब्यावर से जिलाध्यक्ष भूतड़ा के साथ पवन जैन, विजय दगदी, यज्ञेश शर्मा, चेतन गोयर, गोलू पहलवान, दीपक चौहान, रामेश्वर गहलोत, कंचन देवी रावत, प्रदीप सिंह रावत, संतोष रावत, डूंगर सिंह रावत, दयाल नागोरा, श्रवण नागोरा, दशरथ सिंह, मुकेश घावरी, मूल सिंह राजपुरोहित, देवकीनंदन शर्मा, अभय सिंह शेखावत, कुंज बिहारी तोलंबिया, शिवदान सिंह राठौड़, नवल मुरारका, बुधराज शर्मा, सज्जनसिंह रावत, बच्छराज छिपा, मिठू लौहार सहित सैंकड़ो कार्यकताओं ने बसों व कारों से हजारों कार्यकताओं ने इस ऐतिहासिक नही सहेगा राजस्थान अभियान के विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

## बेटियों के भविष्य को देखते हुए सरकार एक ऐसा कठोर कानून बनाएं

***बेटी बचाओ नारे के आधार पर गरीब बेटियों अथवा बहनों के भविष्य को देखते हुए सरकार के द्वारा धन दहेज प्रथा पर भी कठोर कानून बनाया जाए***



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राजस्थान की बहनों ने गुहार लगाते हुए कहा कि बेटियों के भविष्य को देखते हुए सरकार के द्वारा एक ऐसा कठोर कानून बनाकर तैयार किया जाए जिससे दहेज प्रथा को पूरी तरह से खत्म किया जा सके। क्योंकि इस देश के लोगों में लड़के की शादी में दहेज लेने की मांग इस कदर बढ़ चुकी है कि धन दहेज के बिना कोई बात ही नहीं करता है इसलिए इस दहेज मांग की आग को कम करने के लिए देशभर में सरकार के द्वारा एक ऐसा कानून बनाकर लागू किया जाए जिससे कोई भी व्यक्ति अपने बेटे अथवा लड़कें की शादी में ज्यादा तरह से धन दहेज ना मांगे। क्योंकि इस देश में सभी आदमी बेटी की शादी में धन देने लायक नहीं है अतः कुछ धनवान लोग तो बेटी की शादी में धन दहेज देने लायक हैं इसलिए वो अपनी बेटी की शादी में भरपूर धन दहेज दे देते हैं लेकिन गरीब आदमी अधिक दहेज नहीं दे पाता है इसलिए दहेज ना दे पाने के कारण से अपनी बेटियों की शादी अच्छे परिवार में नहीं कर पाता है अगर कोई गरीब आदमी किसी कारण वश अपनी बेटी की शादी अगर अच्छे परिवार में कर भी देता है तो बाद में लड़की के ससुराल वाले दहेज के लिए लड़की को रोजाना परेशान करते हैं सताते हैं व मारपीट करते हैं इसलिए बेटियां रोजाना के ग्रह क्लेश से परेशान होकर कभी कभी स्वत ही आत्महत्या कर लेती है तथा धन दहेज के कारण कुछ लड़कियों की ससुराल जनों के द्वारा ही हत्या कर दी जाती हैं इसलिए गरीब माता-पिता की बेटियां शारीरिक सुंदर शिक्षित व सभी गुणों से संपन्न होने के बावजूद भी अच्छे परिवार में नहीं जा पाती हैं अतः वह एक ही कारण दहेज की मांग अथवा देश में धन दहेज प्रथा मांग की आग ज्यादा तरह से लगी हुई है इसलिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राजस्थान की बहनों अथवा बेटियों की तरफ से हाथ जोड़कर अपील है कि देश में एक ऐसा कानून बनाकर लागू किया जाए जिससे धन दहेज प्रथा पूरे देश में पूरी तरह से खत्म हो सके। देशभर की बेटियों का एक ही नारा कि देश में से धन दहेज प्रथा खत्म करो। जय जय म्हारो प्यारों राजस्थान।

## बाड़ी हॉस्पिटल में लैब टेक्नीशियन की कमी होने की वजह से आ रही परेशानियां





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** बाडी के सरकारी अस्पताल में आई फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ गई है इसको लेकर लैब टेक्नीशियन में स्टाफ ना होने की वजह से आई फ्लू होने के बाद भी मरीजों के हित और मौसमी बीमारियों को देखते हुए रळअ चंद्र शेखर पाराशर और लैब टेक्नीशियन जयंत शर्मा को कार्य करना पड़ रहा है, लैब टेक्नीशियन जयंत शर्मा ने पूछने पर बताया कि 22 पोस्ट है 300 बेड का हॉस्पिटल है 56 प्रकार की जांच होती है मौशमी बीमारियों की वजह से 300 से ऊपर हर रोज जांच होती है, लेकिन मेन पावर की कमी होने के कारण केवल 6 लैब टेक्नीशियन कार्य कर रहे हैं जिसमें से इसी महीने एक रिटायर्ड हो जायेंगे जिससे और दिक्कत आएगी इस समय कार्य कर रहे लैब टेक्नीशियन ने कहा कि हम एक दिन की छुट्टी भी नही ले सकते क्यों की 6 में से किसी एक को भी अर्जेंट काम आ गया तो लैब की व्यवस्था बिगड़ जाती है, अगर लैब टेक्नीशियन की कमी पूरी हो जाती है तो सभी जांचे टाइम से हो पाएंगी और व्यवस्था सुचारू रूप से बहुत अच्छी चलेगी लैब प्रभारी चंद्रशेखर पराशर ने कहा कि हमारे पास 6 का स्टाफ है 22 में से फिर भी स्टाफ हमारा कठिनाइयों के बावजूद भी सही तरीके से व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए हुए है और अगर मेन पावर की कमी पूरी हो जाती है तो जिले में ही नही राजस्थान में बाड़ी पहले नंबर की लैब होगी।

## रैणी क्षेत्र में इन्दिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के तहत 10 अगस्त से वितरण होगे फोन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना।** राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बजट 2023 की घोषणा के अनुसार महिलाओ को स्मार्ट फोन 10 अगस्त 2023 से अलवर के रैणी क्षेत्र मे भी रैणी की सरकारी सीनियर स्कूल रैणी परिसर मे शिविर लगाकर दिये जायेंगे। राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार प्रथम चरण मे 40 लाख महिलाओ को दिये जाएगे जिनमे विधवा महिलाओ को व एकल महिलाओ को एवं परित्यक्त और मनरेगा मे 100 दिवस पूरा करने वाली महिलाओ को तथा कक्षा-9 से 12 तक अध्ययन करने वाली लडकियो को प्राथमिकता दी जाएगी। रैणी उपखण्ड क्षेत्र की भजेड़ा पंचायत की 192 महिलाओ को 10 अगस्त 2023 को रैणी सरकारी सीनियर स्कूल परिसर मे दिए जाएंगे और 11 अगस्त को बहड़को कला पंचायत की 173 महिलाओ को दिए जायेंगे तथा 12 अगस्त को प्रागपुरा पंचायत की 158 महिलाओ को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे एवं बैरेर पंचायत की 205 महिलाओ को 16 अगस्त 2023 को दिए जायेंगे और ईटोली पंचायत की 211 महिलाओ को 17 अगस्त को व 18 अगस्त को कीलपुरखेड़ा पंचायत की 222 महिलाओ को दिए जाएंगे।

## शराब में नींद की गोलियां मिलाकर की हत्या, शव को घसीटकर फेंका कुँए में, महिला गिरफ्तार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा बहरोड।** पुलिस थाना मांढण द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को ब्लाइंड मर्डर की वारदात का खुलासा किया गया। जानकारी के अनुसार गक्त 26 जुलाई को सांतों गांव निवासी सुमेर सिंह राजपूत की हत्या के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि गक्त 27 जुलाई को सूचना मिली की गांव सांतों में एक सूखे कुए में एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुँची पूलिस ने कुँए से शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम करवा गया। मृतक के छोटे भाई हरेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि मेरा भाई सुमेर पुत्र रणजीत राजपूत के पास 30 हजार रुपए उधारी लेने के लिए गया था। मैंने अनेकों बार उनको कॉल किया तो उन्होंने 10 मिनट का नाम लिया। उसके बाद काफी तलाश किया गया। अगले दिन 27 जुलाई को गांव के पास तलाश की गई तो वहां पर कुँए के किनारे चप्पल मिलने पर कुँए में देखा तो मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना को गंभीरता से लेते हुए भिवाडी एसपी ने डीएसपी तेज पाठक के नेतृत्व में थानाधिकारी हनुमान सहाय द्वारा टीम गठित कर साइबर सेल भिवाड़ी हेड कांस्टेबल संदीप की मदद से तकनीकी सहायता प्राप्त कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। व घटना को अंजाम देने वाली कृष्णा देवी पत्नी सुबेसिंह राजपूत निवासी सातों को गिरफ्तार किया गया।

### यह रहा मामला

जानकारी के अनुसार मृतक गांव में 20 प्रतिशत के हिसाब से ब्याज में पैसे देने का कारोबार करता था। पैसे ब्याज सहित वापस नहीं लौटने पर उस घर की महिलाओं पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता था। आरोपी महिला की अबतक जानकारी के अनुसार मृतक घर पर गाली गलौज व शारीरिक संबंध बनाने का दवाब बना रहा था। जिससे परेशान होकर महिला द्वारा शराब में नींद की गोलियां मिलाकर अचेत अवस्था मे होने पर हत्या कर घसीट कर कुँए में डालना कबूल किया है। मृतक सुमेर आरोपी महिला परिवार से एक लाख 20 हजार रुपए का प्रतिमाह 20 रुपए प्रतिशत के हिसाब से ब्याज लेता था। पूलिस घटना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए महिला को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

## शराब ट्रक लूट मामले में 14 साल बाद इनामी आरोपी गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** बहरोड़ पुलिस ने 14 साल से फरार चल रहे शराब ट्रक लूट में 2 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। कार्यवाहक थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि झूंझनू जिले के पचेरी थाना के गांव पथाना निवासी 32 वर्षीय सोनू उर्फ अमीराम उर्फ उधमी पुत्र गुल्लाराम गुर्जर को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एसआई रामचन्द्र सैनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी काला गैंग का सदस्य था। यह गैंग लूट की वारदात को अंजाम दिया करती थी। इस गैंग ने वर्ष 2009 में बहरोड़ के गांव कारोड़ा में संचालित परनोड़ रिकॉर्ड फैक्ट्री से एक ट्रक शराब लेकर जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हुआ था। जैसे ही गांव जखराना के पास पहुंचा। यहां पीछा कर रहे कैंटरा में सवार बदमाशों ने शराब से भरे ट्रक के आगे लगाकर चालक को बंधक बना लिया और ट्रक को वापस लेकर कोटपूतली चले गए। जहां शराब को गोदाम में खाली किया और ट्रक को यूपी में लावारिस छोड़ दिया। इस वारदात में अभी तक 15 लुटेरों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया। गिरफ्तार आरोपी उधमी अविवाहित है और बहन के पास हरियाणा में रहकर भेड़-बकरी चराने का काम करता था।



## राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए दौरा

**रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीना व मौसम नवलकिशोर मीना जिला परिषद सदस्य ने किया क्षेत्र में दौरा**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनावो को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राजनीतिक दलो के भावी प्रत्याशी लगातार क्षेत्र मे दौरा कर रहे है और गांव गांव मे जाकर जनसम्पर्क मे लगे हुए है। इसी क्रम में मंगलवार को रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने क्षेत्र मे गढ़ीसवाईराम व अहीरबास की तरफ सवामणी प्रोग्राम में व शाहिबाबाद (भ्यायडी) गांव मे सेवानिवृत्त कार्यक्रम सहित अनेक जगह पर जनसम्पर्क किया। इसी तरह से मौसम नवलकिशोर मीना जिला पार्षद अलवर ने भी लक्ष्मणगढ क्षेत्र मे अनेक गांवो में जाकर जनसम्पर्क किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# देश के समावेशी इतिहास को याद रखना जरूरी

भारत की 'साझा संस्कृति का प्रमुख तत्व है, 'हिंदू-मुस्लिम सद्भाव'तथा दोनों संस्कृतियों का एक-दूसरे में घुल-मिल जाना। इसी आत्मसातीकरण की दुहरी प्रक्रिया में भारतीय संस्कृति की आत्मा का निर्माण हुआ है। 'साझा संस्कृति का मतलब हिंदू-मुस्लिम एकता भर नहीं है बल्कि इसे बृहत्तर अर्थों में ग्रहण किया जाना चाहिए। भारतीय ज्ञान-विज्ञान, रहन-सहन, खान-पान, ललितकलाएं आदि सभी में साझा संस्कृति की परंपरा घुली-मिली है, लेकिन कुछ लोग हैं जिन्हें सह साझा संस्कृति रास नहीं आती। सांप्रदायिक विचारधारा हमेशा इसका मुखर विरोध करती रहती है, इसके पीछे मूल मकसद भारतीय संस्कृति की आत्मा की हत्या कर देना है। इसी विरोध का परिणाम है सोमवार को हरियाणा के मेवात में हुई हिंसा। हर साल की तरह इस बार भी सावन माह के अंतिम सोमवार को नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भगवा यात्रा निकाल रहे थे। जैसे ही यात्रा नूंह झंडा पार्क पहुंची तो पथराव शुरू हो गया। यह हिंसा नूंह से निकलकर हरियाणा के चार जिलों में फैल गई। जिसमें अब तक छह लोगों की जान जा चुकी है। सोचने का विषय है कि हमेशा सद्भाव की मिसाल कहे जाने वाले नूंह में अचानक ऐसा क्या हो गया कि हर तरफ भय का माहौल बन गया। भारत में धर्म तो हमेशा से ही अत्यंत निजी मसला रहा है। हमारा संविधान भी धर्म की स्वतन्त्रता देता है। प्रत्येक नागरिक को अपनी इच्छानुसार अपना मजहब चुनने की अनुमति है। इसका राज्य या सत्ता से कोई लेना-देना नहीं है। कोई भी धर्म हिंसा की शिक्षा नहीं देता, लेकिन आपसी संवाद की कमी के कारण हिंसा ने अपनी जगह बना ली। हम उस देश के वासी हैं जिसका कर कण हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रमाण देता है। आजादी के लड़ाई के दौरान ही जब जमीयत उल-उलेमाएं-हिन्द के संस्थापकों में से मौलाना हसन मदनी ने हिन्दू-मुसलमानों की एक राष्ट्रीयता 'मुत्तैहदा कौमियत का सिद्धान्त प्रतिपादित करते हुए जिन्ना के द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त को चुनौती दी तो वह गंगा-जमुनी तहजीब का ही जीता-जागता नजारा था। उसी समय जब सिन्ध के महान नेता अल्लाबख्श सुमरू ने हिन्दू-मुसलमान के नाम पर मुल्क के बंटवारे का पुरजोर विरोध किया और मुस्लिम लीगी नेताओं को चुनौती दी तो वह भी गंगा-जमुनी तहजीब का ही असर था। इसी प्रकार खान अब्दुल गफ्फार खान का सीमान्त या सरहदी गांधी बनना भी वीर पठानों द्वारा गंगा- जमुनी तहजीब की ही तसदीक थी और तो और महाराणा प्रताप द्वारा अकबर के विरुद्ध अपना सेनापति मुस्लिम लड़ाका हकीम खान सूर रखना भी गंगा-जमुनी तहजीब का ही द्योतक था। न जाने कितने ही ऐसे उदहारण उंगलियों पर गिने जा सकते हैं, लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि हम एक दूसरे को पत्थर मारने लगे। आज भारत के समृद्ध और विविध समावेशी इतिहास को याद करना ज़रूरी है। दुर्भाग्य से ऐसी स्थिति पैदा हो रही है, जहां हिंदू-मुस्लिम एकता से दूर, ऐसी ताकतें काम कर रही हैं जो दोनों समुदायों के बीच एक न पाटने योग्य खाई पैदा करना चाहती हैं। इसलिए, हमारी अद्वितीय ऐतिहासिक विरासत की रक्षा करना और खुद को हमारे देश और संविधान के ध्वजवाहक और रक्षक के रूप में देखना महत्वपूर्ण है। अगर हम तय कर लेंगे कि हमें प्रेम, भाईचारे और आपसी विश्वास के साथ रहना है तो कोई हमें डिगा नहीं सकता। हमें स्वार्थी ताकतों से दूर रहना होगा।



आतंकवाद

अरविंद जयतिलक

# भारत में पांव पसारता अलकायदा

> सयुंक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 32 वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि अलकायदा को लेकर एक सदस्य देश ने खुलासा किया है कि यह संगठन एक्यूआईएस (भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा) को मजबूत करने में जुटा है। सदस्य देश का दावा है कि एक्यूआईएस के कुछ तत्व आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट-खोरासान) में शामिल होने या उसके साथ सहयोग करने को तैयार है। अलकायदा गत वर्ष पहले ही भारतीय उपमहाद्वीप में कायदात अल जिहाद आतंकी शाखा की नींव रख चुका है। अब उसके विस्तार की कोशिश में है। भारत को अलकायदा के खतरनाक मंसूबे से सावधान रहने की जरूरत है।

दुनिया के खूंखार आतंकी संगठनों में से एक अलकायदा एक बार फिर भारतीय उपमहाद्वीप में अपना पांव पसारने की रणनीति बुनना शुरू कर दिया है। यह खुलासा सयुंक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 32 वीं रिपोर्ट से हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अलकायदा को लेकर एक सदस्य देश ने खुलासा किया है कि यह संगठन एक्यूआईएस (भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा) को मजबूत करने में जुटा है। सदस्य देश का दावा है कि एक्यूआईएस के कुछ तत्व आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट-खोरासान) में शामिल होने या उसके साथ सहयोग करने को तैयार है। उल्लेखनीय है कि यह संगठन बांग्लादेश और म्यांमार में एक्यूआईएस को मजबूत करने की कोशिश में है। यूएनएससी की रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ है कि अलकायदा सैफ अल-अदल को अपना नया चीफ बनाना चाहता है। यह आयमान अल-जवाहिरी का स्थान लेगा। फिलहाल यह ईरान में सक्रिय है। मौजूदा समय में आईएसआईएल अफगानिस्तान और आसपास के इलाके में सबसे खतरनाक आतंकी संगठन के रुप में चिन्हित है। इसके सदस्यों की संख्या तकरीबन 6000 के आसपास है। अफगानिस्तान में अलकायदा का कोर 30 से 60 सदस्यों पर स्थिर है, जबकि उसके लड़ाकों की संख्या 400 के आसपास है। भारतीय उपमहाद्वीप में अलकायदा के लगभग 200 आतंकी हैं जिसका प्रमुख ओसामा महमूद है। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब अलकायदा द्वारा भारतीय उपमहाद्वीप में पांव पसारने की कोशिश का खुलासा हुआ है। याद होगा गत वर्ष पहले इस संगठन का पूर्व सरगना अल जवाहिरी ने तो बकायदा एक वीडियो जारी कर भारतीय उपमहाद्वीप में कायदात अल जिहाद बनाने, जिहाद का परचम लहराने और इस्लामिक शरीयत की बदौलत खलीफा राज लागू करने का एलान किया था। अलकायदा का मौजूदा नेतृत्व अब उसे धार देने की कोशिश कर रहा है।

सच यह भी है कि अलकायदा गत वर्ष पहले ही भारतीय उपमहाद्वीप में कायदात अल जिहाद आतंकी शाखा की नींव रख चुका है। अब उसके विस्तार की कोशिश में है। यहां समझना होगा कि अलकायदा का भारतीय उपमहाद्वीप में पांव पसारने और भारत को निशाना पर लेने की मुहिम के पीछे आतंकी गिरोहों के बीच वर्चस्व की लड़ाई है। किसी से छिपा नहीं है कि इस्लामिक स्टेट दुनिया भर के अन्य आतंकी संगठनों को ताकत और विस्तार के मामले में पीछे छोड़ चुका है। अलकायदा को अपना संगठन कमजोर दिख रहा है। वह अच्छी तरह समझ रहा है कि पश्चिम एशिया में इस्लामिक स्टेट की मौजूदगी में न तो वह फंड जुटा सकता है और न ही जिहादी मुस्लिम युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर सकता है। ऐसे में उसकी कोशिश खुद को भारतीय उपमहाद्वीप के इर्द-गिर्द केंद्रित कर इस्लामिक स्टेट से बढ़त बनाना है। यह तथ्य है कि भारत के विभिन हिस्सों में इस्लामिक स्टेट के स्लीपर सेल मौजूद हैं। आए दिन देश के विभिन्न हिस्से से मुस्लिम युवाओं का इस्लामिक स्टेट में शामिल होने की खबरें सुर्खियां बनती हैं। ऐसे में



अलकायदा को लग रहा है कि अगर वह दक्षिण एशिया विशेष रूप से भारत में अपनी ताकत का विस्तार नहीं किया तो जिहादी मुस्लिम युवा उसके बजाए इस्लामिक स्टेट को तरजीह देंगे। चूंकि अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है और वहां उसकी दाल नहीं गल रही है लिहाजा वह पूरी तरह से भारत पर केंदित है। तथ्य यह भी कि पाकिस्तान के कबायली इलाकों में अमेरिकी ड्रोन हमलों की मार से वह बूरी तह लहूलुहान है। पिछले कई वर्षों से उसे न सिर्फ लड़ाकों की कमी से जूझना पड़ रहा है बल्कि बम और गोला-बारुद की किल्लत भी दो-चार होना पड़ रहा है। उधर, इस्लामिक स्टेट ने फंड जुटाने के मामले में अलकायदा के सभी स्त्रोतों पर कब्जा कर लिया है। इराक और सीरिया के कई बड़े क्षेत्रों पर इस्लामिक स्टेट की कब्जेदारी है। उसकी आर्थिक स्थिती मजबूत है। दूसरी ओर अलकायदा की आर्थिक स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। अब उसे डर सताने लगा है कि अपनी ताकत का विस्तार नहीं किया तो आने वाले वर्षों में उसका वजूद मिटना तय है। वैसे भी अफगानिस्तान और पाकिस्तान के जिहादी युवाओं में अब अलकायदा को लेकर वह आकर्षण नहीं है जैसा कि कभी ओसामा बिन लादेन को लेकर हुआ करता था। इन दोनों मुल्कों के जिहादी युवाओं में इस्लामिक स्टेट को लेकर सबसे ज्यादा आकर्षण है। दरअसल पाकिस्तान के आतंकी संगठनों और जिहादी मानसिकता के युवाओं को लग रहा है कि वह इस्लामिक स्टेट के मार्फत जम्मू-कश्मीर में अपनी हुकूमत स्थापित कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में पहले से ही कई आतंकी संगठन सक्रिय हैं। इनको फंडिग पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई करती है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 की समाप्ति के बाद हालात में तेजी से बदलाए आए हैं। विकास की योजनाएं फलीभूत हो रही हैं और शांति का वातावरण निर्मित हुआ है। लेकिन अगर कहीं अलकायदा यहां पैर पसारने की मुहिम में कामयाब हुआ तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं। समझना होगा कि अलकायदा का भारतीय उपमहाद्वीप में पांव पसारने का मकसद भले ही इस्लामिक स्टेट से प्रतिद्वंदिता का नतीजा हो लेकिन उसके खतरनाक मंसूबे को हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसलिए कि 11 सितंबर 2001 को अमेरिका के न्यूयार्क शहर में हुए आतंकी हमले को दुनिया नहीं भूल सकती। इस हमले में तकरीबन 3000 से अधिक लोग मारे गए थे और 10 बिलियन डॉलर से अधिक संपत्ति का नुकसान हुआ था। गौर करना होगा कि अलकायदा ने भारत के अलावा भारतीय उपमहाद्वीप के जिन देशों में पांव पसारने की रणनीति बुना है उसमें बांग्लादेश और म्यांमार शीर्ष पर हैं। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह भी कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में कई ऐसे आतंकी संगठन हैं जो भारत में इस्लामिक शासन के हिमायती हैं। बांग्लादेश के अलावा म्यांमार में भी कई आतंकी संगठन हैं जिनका मकसद भारत में अस्थिरता पैदा करना है। उल्लेखनीय है कि म्यांमार में रोहिंग्या मुसलमानों और बौद्धों के बीच कईयों बार हिंसा हो चुकी है। बहुतायत संख्या में रोहिंग्या मुसलमान भारत में शरण लिए हुए हैं। याद रखना होगा कि अगस्त 2012 में रोहिंग्या मुसलमानों के समर्थन में देश में कई स्थानों पर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ था। इसमें कई लोगों की जानें गयी थी। असम में हुए दंगों के खिलाफ मुंबई समेत देश के अन्य कई स्थानों पर हुए प्रदर्शनों में रोहिंग्या मुसलमानों के साथ हो रही ज्यादती के नाम पर खूब अराजकता फैलायी गयी। इन प्रदर्शनों में जेहादी तत्वों की भूमिका स्पष्ट रुप से उजागर हुई थी। गत दिनों पहले पूर्वी राज्य मणिपुर में हुई हिंसा के पीछे भी म्यांमार से आने वाले रोहिंग्या घुसपैठियों की भूमिका सामने आ रही है। मैतेई समुदाय के लोग मणिपुर में एनआरसी के जरिए घुसपैठियों को बाहर निकालने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल भारत को अलकायदा के खतरनाक मंसूबे और पड़ोसी दुश्मन देश चीन और पाकिस्तान की साजिशों से सावधान रहने की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कोल्हापुर के करीब गंगागिरी महाराज मठ मंदिर दीजापुर वन के बीच एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। मठ में आप योग और ध्यान अभ्यास भी कर सकते हैं। इसके अलावा, मंदिर सुंदर प्राकृतिक स्थानों के बीच स्थित है जहां से नजारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला होता है।

## दो टूक

भूपेंद्र भारतीय



# मणिपुर हिंसा में विदेशी भूमिका!

मणिपुर में मैतेई व कुकी जातियों का संघर्ष लंबे समय से चल रहा है। इसकी पृष्ठ भूमि 1968 के वर्ष से मानी जाती है। तब कांग्रेस सरकार ने कुकी जाति को आधिकारिक रूप से मणिपुर में बसाया जाने के लिए समर्थन व सुविधाएं उपलब्ध कराई थी। इन दो जातियों के बीच का संघर्ष राज्य के लिए अशांति का बड़ा कारण है । लेकिन उसके पीछे विदेशी ताकतें काम कर रही है। ऐसा मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी कहा है और उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में चल रही हिंसा में संभवतः चीन की भूमिका हो सकती है, उन्होंने कहा कि विदेशी हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली एक्सक्लूसिव जानकारी के मुताबिक, मणिपुर समेत नार्थ ईस्ट (पूर्वोत्तर भारत) में सक्रिय उग्रवादियों को बड़ी संख्या में चीनी हथियार पहुंचाए जा रहे हैं। खुफिया एजेंसियों को शक है कि चीन के बने इन हथियारों का इस्तेमाल मणिपुर में आशांति फैलाने के लिए भी किया जा रहा है। इन तीन माह के संघर्ष के पहले भी मणिपुर में कई उग्रवादी संगठनों के तार चीनी एजेंसियों से जुड़े पाए गए हैं। उनसे चीनी हथियार भी पाए गए हैं। इन उग्रवादियों से जुड़े लोग चीन में जाकर प्रशिक्षण तक लेकर आये हैं और भारत के इस सुंदर प्रदेश को बड़ी हानि पहुंचाते रहे हैं। विश्व के अधिकांश देश जानते हैं कि चीन के अपने किसी भी पड़ोसी देश से अच्छे संबंध नहीं है। वह एक विवादास्पद पड़ोसी देश है। ऐसे में मणिपुर संघर्ष व हिंसा में कम्युनिस्ट चीन का हाथ होना सामान्य सी बात है।

मीडिया खबरों की माने तो खुफिया एजेंसियों से ऐसे चीनी हथियारों की एक्सक्लूसिव तस्वीरें मिली हैं जिनका इस्तेमाल उग्रवादी गुट मणिपुर समेत पूर्वोत्तर भारत में हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, देश के पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय उग्रवादी गुटों के पास जिस तरह से चीनी हथियार पहुंच रहे हैं वो चिंता की बात है। मणिपुर में उग्रवादी गुट इन्हीं हथियारों की मदद से हिंसा फैलाने की जानकारी मिल रही है। उग्रवादियों के कई कमांडरों के बारे में खुफिया जानकारी है कि वो चीन में छुपे हुए हैं। ऐसे में चीन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

विगत दिनों जनरल (सेवानिवृत्त) नरवणे ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि जो लोग जिम्मेदार पदों पर आसीन हैं और आवश्यक कार्रवाई करने की जिनकी जवाबदेही है, वे बेहतर ढंग से अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों का हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता। एक और बात जो मैं खासतौर पर कहूंगा कि विभिन्न उग्रवादी संगठनों को चीन की ओर से सहायता मिलती है। उग्रवादी संगठनों को चीन की मदद कई वर्षों से मिल रही है और यह अब तक जारी है।' साथ ही उन्होंने टिप्पणी की, मुझे यकीन है कि सरकार उत्तर-पूर्व क्षेत्र में अशांति पैदा करने में चीन की भूमिका से अवगत है।उन्होंने कम्युनिस्ट चीन पर यह भी आरोप लगाया कि चीनी सेना पूर्वोत्तर के साथ-साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को अस्थिर करने में सक्रिय है। संयोग से, कई दशकों से असम, नागालैंड, मणिपुर सहित उत्तर-पूर्व भारत के विभिन्न राज्यों में सक्रिय उग्रवादी म्यांमार में स्थित हैं। आरोप है कि चीनी जासूसी एजेंसी उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आतंकवादियों को लगातार हथियार और बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान कर रही है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, चीन समर्थित उग्रवादी समूहों की सूची में कुकी नेशनल आर्मी, कुकी नेशनल फ्रंट, यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट शामिल हैं। इन सभी उग्रवादी संगठनों की हाल ही में मणिपुर में हुई सांप्रदायिक हिंसा में कथित तौर पर भूमिका थी।

(लेखक अधिवक्ता व स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित

## दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित

## प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## गणेशाय नमः



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली से पुणे पहुंचने के तुरंत बाद शिवाजी रोड स्थित दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने इस पद पर रहते हुए मंदिर के दर्शन किए तथा वहां पूजा-अर्चना की।

## आज की पाती

### अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो

देश के सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश को कुछ तथाकथित फ्रस्टेटिड यानी निराशावादी लोगों द्वारा अभद्र लफ्जों में सोशल मीडिया पर ट्रोल करने की बात सामने आई है, उसे लोकतंत्र के तीसरे स्तंभ न्यायपालिका का तौहीन माना जा सकता है। जिस किसी ने भी कथित तौर से मुख्य न्यायाधीश के परिवार द्वारा गोद ली दो विकलांग बच्चियों को लेकर शर्मसार करने वाली टिप्पणी की है, उसको बख्शा नहीं जाना चाहिए। ऐसे लोगों की जितनी भी भर्त्सना की जाए वह कम होगी। सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह सोशल मीडिया पर अमानवीय और अभद्र टिप्पणियां करने वालों की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई करे।

*- वीरेंद्र सिंह, रायगढ़*

## ट्रेंड

### भारतीय भूमिका का प्रभाव

आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय विदेश सेवा के नवनियुक्ति अधिकारी मिलने आए। मैंने उन्हें कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भारत की भूमिका और प्रभाव का विस्तार युवा राजनयिकों के लिए नई चुनौतियों के साथ-साथ अभूतपूर्व अवसर भी प्रस्तुत करता है।

**-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



### बेटियों के मान में चलो

बेटियों के मान में चलो, गरीबों के उत्थान में चलो, दलित सम्मान में चलो, किसान का दर्द भी सुनो, हुंकार भरो। कांग्रेस शासन ने राजस्थान को बदहाली और बदनामी का दलदल बना दिया है, जनता-जनार्दन उससे छुटकारा चाहती है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### सेहत पर ध्यान दें

अधिकांश लोगों को उनके अपने विचार, भावनाएं और ज़रूरतें जीवन भर व्यस्त रखती हैं। इससे ऊपर होना ही योग है। हर इंसान को अपनी व्यस्तता में से कुछ समय अपने लिए निकालना चाहिए और योग करना चाहिए ताकि सेहत पर ध्यान दिया जाए।


**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**




### समय पर वेतन

2010 के बाद आज पहली बार नगर निगम में कमिश्नर से चपरासी तक, सफाई कर्मी से शिक्षक तक, माली से डीबीसी कर्मचारी तक, सभी को महीने की पहली तारीख को वेतन मिल रहा है। और ये सब इसलिए हो पाया क्योंकि ईमानदार सरकार है।

**-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**






## करंट अफेयर

# पाक में संवेदनशील जानकारी लीक करने पर 5 साल जेल

पाकिस्तान की संसद ने सैन्य कानूनों में संशोधन करते हुए सेना तथा देश की सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील जानकारी का खुलासा करने पर पांच साल तक की जेल की सजा का प्रावधान किया है।



पिछले सप्ताह सीनेट द्वारा इसी विधेयक को पारित किए जाने के बाद निवर्तमान नेशनल असेंबली ने सोमवार को कठोर पाकिस्तान सेना अधिनियम, 1952 में प्रस्तावित संशोधनों का समर्थन किया। दोनों सदनों से समर्थन के बाद राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के हस्ताक्षर से यह विधेयक कानून बन जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्षी नेता इमरान खान के समर्थकों को कठघरे में लाने के मौजूदा सरकार के प्रयासों के तहत कदम उठाया गया है।

कथित भ्रष्टाचार के मामले में इमरान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने नौ मई को कई प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान को बाद में रिहा कर दिया गया। पाकिस्तानी अखबार 'डान' ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पाकिस्तान सेना (संशोधन) अधिनियम, 2023 में धारा 26-ए जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया है।

## ऑफ बीट

# मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है

ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है।



कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## चंदेली का बास गांव में क्रिकेट महाकुंभ का हुआ समापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़ '(विनोद धायल)** दांता के निकटवर्ती गांव चंदेली का बास में क्रिकेट महाकुंभ का समापन हुआ। कानाराम चंदेलिया ने बताया कि महाकुंभ में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है। फाइनल मैच सुरेरा व जाचास के बीच हुआ। विजेता टीम सुरेरा रही।

इस अवसर पर नंदलाल चंदेलिया ,सुरेंद्र चंदेलिया , जीवन पोलीवाला,सुरजन चंदेलिया रामेश्वर चंदेलिया, प्रकाश सेवदा, पूराराम चंदेलिया, बलवीर सेवदा,राजेश चंदेलिया, रंजीत डूडी, तुलसीराम वर्मा रामवतार वर्मा महेश फोजी विनोद स्वामी मुकेश चंदेलिया, भागचंद चंदेलिया ०समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें। विजेता टीम को 21 हजार रूपए की प्राइज मनी व आकर्षक ट्रॉफी, उपविजेता टीम के लिए 11 हजार रूपए व प्राइस मनी व आकर्षक ट्रॉफी दी गई।

## किरण स्कूल गोविन्दपुरा में मोटिवेशन सेमिनार आयोजित

### विद्यार्थियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गोविंदपुरा।** कालवाड़ रोड़ स्थित किरण बाल भारती सी. सै.स्कूल गोविन्दपुरा में मंगलवार को मोटिवेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। संस्था प्रबन्ध निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने राष्ट्रीय स्तरीय मोटिवेटर एस.डी जोया का माला व मोमेंटो देकर स्वागत किया। एस.डी जोया ने प्रातः 7:45 से 9:30 तक मोटिवेशन स्पीच दी। जोया का मोटिवेशन बहुत ही शानदार रहा। विद्यार्थी मोटिवेशन सेमिनार के लिए बहुत ही ज्यादा उत्साहित थे। जोया ने बहुत ही अच्छी अच्छी बाते बताई जिसे सुनकर विद्यार्थी उत्साहित भावुक तथा मोटिवेट हुए। विद्यार्थियों में मोटिवेशन सेमिनार के बाद अलग ही उत्साह नजर आ रहा था।विद्यालय के 3500 विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ साथियों ने मोटिवेशन सेमिनार में भाग लिया। संस्था प्रबन्ध निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने सेमिनार समापन पर मोटिवेटर जोया को धन्यवाद दिया ओर कहा कि उन्होंने विद्यार्थियों को बहुत ही अच्छी अच्छी बाते बताई जो उनके जीवन में बहुत महत्व रखती है तथा कुछ मोटिवेशन से सम्बंधित बाते बताई। समस्त स्टाफ ने जोया को उत्साह से परिपूर्ण मोटीवेशन सेमिनार के लिए धन्यवाद दिया।

## स्कूली बच्चों से भरा टेंपो पलटा, तीन छात्राएं घायल

### थ्री व्हीलर टेंपो में 15 से अधिक बच्चे थे सवार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के श्रीमाधोपुर सड़क मार्ग पर स्कूली बच्चों से भरा थ्री व्हीलर टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे उसमें सवार तीन स्कूली छात्राओं को चोटे आई, जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर कस्बे के निजी अस्पताल से जयपुर रेफर किया गया। ड्यूटी ऑफिसर हेड कांस्टेबल नागर मल सैनी ने बताया कि कस्बे की सीसीए शिक्षण संस्थान के स्कूली बच्चों से भरा थ्री व्हीलर टेंपो श्रीमाधोपुर सड़क मार्ग पर पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे उसमें सवार 3 स्कूली छात्रा एंगल पुत्री बलवीर सिंह, कीर्ति व हर्षिता पुत्री भंवर सिंह निवासी महरोली घायल हो गई जिनको कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को सुरक्षा की दृष्टि से थाने पर खड़ा करवाया गया। वहीं अभिभावकों ने शिक्षण संस्थान संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई दिनों से स्कूल प्रशासन को महरोली गांव की तरफ स्कूल बस लगाने की गुहार लगा रहे हैं लेकिन विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों की जान की परवाह किए बगैर डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चों के लिए थ्री व्हीलर टेंपो लगा रखा है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया स्वागत सम्मान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई/ हेमंत शर्मा।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा खंड बांदीकुई के संरक्षक शैलेंद्र जोशी पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशन में सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम की पहल में ब्राह्मण समाज पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों में नितिन चंद्र शर्मा स्टेशन सुपरीटेंडेंट जयपुर डिविजन रेलवे एवं नेमीचंद शर्मा वरिष्ठ अध्यापक राज. उच्च. माध्यमिक विद्यालय बसवा का भगवान परशुराम जी का चित्र, साफा एवं माला द्वारा सम्मान किया गया जिनमें उपस्थित ब्राह्मण समाज पदाधिकारी नगर अध्यक्ष महेश चंद्र नांगल, मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा, नगर महामंत्री लक्ष्मी नारायण आगावली, राजेंद्र होदायली, जिला महामंत्री विजेंदर मूही, आरडी शर्मा, ओमप्रकाश मुंशी, पार्षद गिरिराज टीटी, हिटलर अवस्थी, तहसील महामंत्री गिर्राज अरनिया आदि लोग उपस्थित थे।



### अलवर ग्रामीण क्षेत्र में करीब 50 करोड़ रुपए की राशि से बनने वाली सड़क स्वीकृत

# राह होगी सुगम : मंत्री जूली के प्रयास आमजन के लिए ला रहे सौगात

### मंत्री टीकाराम जूली ने सड़कों के निर्माण का कार्य व अन्य विकास के कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/ अलवर।** जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़कें ना केवल रोड़ कनेक्टिवी को जोड़ने का काम करती है बल्कि विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र में बडे स्तर पर सडकों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो राज्य सरकार की विकास की मंशा को दशार्ता है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं रखी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए है। उन्होंने कहा कि शिलान्यास किए गए विकास कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए शीघ्र ही पूर्ण कराया जाएगा।







### शिलान्यास व उद्घाटन

मंत्री जूली ने बताया कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र के पिलवा से ककराली तक सीसी सडक निर्माण कार्य, कजाकपुर से सरदारों की ढाणी, भूरेखा का बास होते हुए बहादुरपुर सडक की ओर का निर्माण कार्य, नगर पालिका बहादुरपुर की विभिन्न सडकों के सुदृढीकरण, नवीनीकरण, सीसी सडक निर्माण कार्यों, सडक निर्माण कार्य बी.एल मुण्डियाखेडा स्कूल से सैंथली की ओर, छठी मील से ककराली, मैन रोड से चंदबास, चिरखाना और मुण्डियाखेडा तथा तूलेडा से रायबका तक, थ्री फेस बोरिंग खुदाई कार्य पंजाबी श्मशान रामगढ रोड, थ्री फेस बोरिंग खुदाई कार्य भजेडा स्कूल के पास, थ्री फेस बोरिंग खुदाई पावटा रोड, सिंगल फेस बोरिंग कार्य किटूरी के घर के पास नाहरपुर, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड नं. 13, 14 एवं ग्राम कानूनगो पट्टी में, ग्रेवल सडक निर्माण कार्य मुकीमशा कुआं से पक्का तालाब की ओर तक, सामुदायिक भवन भजेडा में बाउन्ड्रीवाल व सीढी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी प्रकार इंटर लॉकिंग टाइल प्लेटफार्म रा.उ.मा.वि छात्रा बहादुरपुर का उद्घाटन किया।

### नव क्रमोन्नत विद्यालय का किया उद्घाटन

मंत्री जूली ने अलवर ग्रामीण क्षेत्र की पंचायत समिति उमरैण के गांव सैंथली में नव क्रमोन्नत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य राज्य सरकार की ओर से कराए गए हैं। स्कूलों को क्रमोन्नत करने एवं महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल निश्चित तौर पर ग्रामीण विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इस अवसर पर मंत्री जूली ने स्कूली विद्यार्थियों को पैन, कॉपी, जमेट्री, लन्च बॉक्स, पेन्सिल, रबड सहित पाठ्य सामग्री वितरित की तो स्कूली विद्यार्थियों व स्टाफ ने ताली बजाकर उनका अभिवादन किया।

### मिनी सचिवालय में मुकरम ने बांधा समां

अलवर ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिकानी परिसर में स्थित मिनी सचिवालय में सरपंच सबिला हारून की ओर से जूली का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जहां माला व साफा पहनाकर जूली का भव्य स्वागत किया गया वहीं बाल कलाकर मुकरम ने जूली के जीवन परिचय पर मेवाती भाषा में गीत गाकर वहां उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### ऑटो टिपर को झण्डी दिखाकर किया रवाना

मंत्री जूली ने नगर पालिका बहादुरपुर में कचरा उठाने वाली 5 ऑटो टिपर गाडियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। नगर पालिका क्षेत्र में ऑटो टिपर गाडिया घर-घर जाकर कचरा एकत्रित करेंगी जिससे स्वच्छ राजस्थान का सपना साकार हो सकेगा। इस दौरान उन्होंने आमजन को डिस्टबिन भी वितरित किए।

### किसानों को दिया तौहफा

जूली ने नगर पालिका बहादुरपुर में ग्राम सेवा सहकारी समिति के कस्टम हायरिंग सेन्टर का उद्घाटन कर किसानों को विशेष तौहफा दिया। उन्होंने कहा कि अब किसानों को महंगाई से राहत देते हुए ट्रैक्टर और कृषि से संबंधित उपकरण बेहद सस्ती दरों पर किराये पर उपलब्ध हो सकेगी जिससे किसानों को बचत के साथ-साथ आर्थिक संबल भी मिलेगा।

### जूली ने लगाया बहादुर में जनता दरबार

जूली ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बहादुरपुर के मंदिर परिसर में जनता दरबार लगाकर मौके पर ही आमजन की समस्याओं का समाधान करवाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जीरो टोलरेन्स की नीति पर कार्य कर रही है। ऐसे में सभी अधिकारी अपने कार्य को कर्तव्य समझते हुए प्राथमिकता में आमजन की परिवेदनाओं का समयबद्ध रूप में निस्तारण करें।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन संजय गर्ग, उप प्रधान महेश सैनी, हाजी जोरमल, नब्बू ठेकेदार, उमरदीन खान, नवाब खान, राहुल, आजाद, हाजी सपात, अब्दुल प्रधान, जाकिर खान, शेर मोहम्मद, साजिद, अयूब, असरू, सफेदा, इमरान, जफरू खान, बेनजीर खान, रजत यादव, कान्ता आहूजा, रघुवीर, पूरण सिरमौलिया, बबल यादव, जगदीश जाटव, रसीद, इलियास, करण जाटव सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक कोष से नई गाड़ी दिलवाई

## राहत : तहसील दफ्तर के स्टाफ को 'अवाना' की सौगात

*ग्रामीण इलाकों में तहसील के वर्क के लिए कर्मचारियों के पास यातायात का नहीं था साधन, अब ग्रामीणों के काम होंगे आसान*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**भरतपुर/नदबई।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने नदबई विधानसभा मुख्यालय पर तहसील में तहसीलदार को विधायक निधि से 15 लाख रुपए की नवीन गाड़ी देकर गाड़ी को उपखण्ड अधिकारी जोगेंद्र सिंह और तहसीलदार दिपा यादव की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने बताया कि तहसील में राजकीय वाहन की कभी लम्बे समय से कमी चली आ रही है पहला राजकीय वाहन काफी पुराना और जर्जर अवस्था में था और उसके बाद निजी वाहन से तहसील के कार्य हो रहे थे जिसे तहसील मैं बैठने वाली अधिकारी और कर्मचारियों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता था मैंने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक निधि से 15 लाख रुपए स्वीकृत कर नवीन राजकीय वाहन दिलवाने का कार्य किया है इस वाहन से राजस्व कामकाज करने में होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी और इस वाहन से तहसील में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों को लाभ दिलाने का कार्य व ग्रामीण परिवेश में विकास कार्यो को करवाने में काफी राहत मिलेंगी इससे आम जन के कार्य समय पर पूर्ण हो सकेंगे विधायक ने बताया की जब से मैं विधायक बना हूं तब से लेकर आज तक पूरी नदबई विधानसभा में विकास के कई बड़े कार्य हुए है जिनमें अभी हाल ही में सैदपुरा उपतहसील बनी है और गहनौली मोड़ चौकी थाने थाने में क्रमोन्नत हुई है उसके साथ-साथ नदबई में आयुर्वेद अस्पताल ए श्रेणी में क्रमोन्नत हुआ है सीओ ऑफिस नदबई व उच्चैन को मिला है, ऑफिस नदबई को मिला है नदबई का राजकीय अस्पताल उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत हुआ है उसके साथ साथ क्षेत्र को कई बड़ी बड़ी सौगाते नदबई को मिली है । विधायक द्वारा अभी हाल में विधानसभा में लखनपुर उपतहसील को तहसील में क्रमोन्नत करवाने की विधानसभा में पूर्व से मांग उठाई थी विधायक ने बताया की क्षेत्र में तेज गति के साथ विकास कार्य हो रहे है और आगे भी इसी तेज गति के साथ होंगे विकास के लिए धन की कोई कमी नही आने दी जायेगी इस मौके पर नदबई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, शिवदयाल गोयल, दिलीप सिनसिनवार, नितीन अग्रवाल, पार्षद हरिसिंह बादशाह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और तहसील के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।



## सामाजिक संस्था सूर्य मंडल को मिला कार्यालय

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे में 47 वर्षों से सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहने वाली सामाजिक संस्था श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति को जन सहयोग से स्वयं का कार्यालय मिला। सूर्य मंडल अध्यक्ष हरिप्रसाद बलौदा ने बताया कि वर्ष 1976 में स्थापना के बाद से संस्था के पास स्वयं का कार्यालय नहीं था जिसकी वजह से कागजों को सुरक्षित रखने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था अब जन सहयोग से श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति को शनिश्चर मोहल्ले में कार्यालय मिल गया जिससे संस्थान को ओर अधिक सामाजिक कार्य बढ़-चढ़कर करने का संबल मिलेगा। गौरतलब है कि सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक हरिप्रसाद बलौदा के अध्यक्ष बनने के बाद श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति को रजिस्टर्ड करवाया गया इसके बाद लगातार दूसरी उपलब्धि दिलाते हुए संस्था को निजी कार्यालय मिला। इस कार्य में मंडल के डायरेक्टर गोपाल बींवाल, उपाध्यक्ष रामवतार कुमावत, निरंजन शर्मा, विद्याधर शर्मा, पोखर मल कुमावत, कोषाध्यक्ष कैलाश छीपा, सीआई कैलाश बींवाल, महामंत्री कमांडो संग्राम सिंह बलौदा, मंत्री श्रवण सैन, गिरधारी बाहेती, पंडित मोहर सिंह, अनिल शर्मा आदि का सराहनीय प्रयास रहा।

## क्रेडिट लिकेज कैंप का आयोजन



**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** ब्लॉक परियोजना प्रबंधन ईकाई राजीविका खंडेला द्वारा मंगलवार को क्षेत्रीय कार्यालय बीआरकेजीबी नीमकाथाना के सहयोग से स्वयं सहायता समूहों के लिए क्रेडिट लिंकेज कैंप का आयोजन किया गया। क्रैडिट कैम्प में 29 स्वयं सहायता समूहों को 1.74 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया साथ ही राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद सीकर के अंतर्गत ब्लॉक खंडेला मे आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के तहत डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु कैम्प में डिजिटल लेनदेन के बारे में महिलाओं को ऑनलाइन लेनदेन के फायदे एवं सुरक्षा के बारे में महिलाओं को अवगत करवाया गया एवं बीमा के बारे में व जो बीसी सखी लगाई गई हैं उनके कार्य के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक अर्चना मौर्य तथा बीआरकेजीबी के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहन लाल कुलदीप की अध्यक्षता में किया गया। राजीविका से जिला परियोजना प्रबंधक अर्चना मौर्य ने समाज में महिलाओं की उन्नति व आजीविका गतिविधि के बारे में समझाया तथा महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। बीआरकेजीबी के क्षेत्रीय प्रबधक मोहन लाल कुलदीप ने राजीविका स्वयं सहायता समूहों के रिपेमेंट की जानकारी दी तथा हमेशा बैंक के माध्यम से सहायता करने का आश्वासन दिया। शाखा प्रबंधक भंवरलाल मीणा ने समूह को रिपेमेंट समय से करवाने की जानकारी दी। परिचालन विभाग वित्तीय समावेशन ने बैंक सखी के बारे में जानकारी दी। ब्लॉक एरिया कॉर्डिनेटर प्रमिला ने कैम्प में उपस्थित सभी स्टाफ और एसएचजी महिलाओ से मतदान की शपथ दिलाई। ब्लॉक प्रभारी सीताराम ने सभी आगंतुक मेहमानों का आभार व्यक्त किया तथा स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक यशवंत सैनी, पीए एमआईएस पूजा आरपीआरपी निर्मला, पूजा, ज्योति, विमला, एआरपी प्रकाश व सीएलएफ के पदाधिकारी, समस्त स्टॉफ सहित समूह सदस्य उपस्थित रहे।

# रॉबिन हुड आर्मी 'मिशनस्वदेश अभियान' के तहत 1000 गाँवों में 1 करोड़ जरूरतमंदों तक पहुंचाएगी मदद

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।(विनोद धायल)** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रॉबिन हुड आर्मी ( RHA ) ने "मिशनस्वदेश अभियान" का शुभारम्भ किया है। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत, रॉबिन हुड आर्मी 5 से 15 अगस्त 2023 तक, देशभर में 1000 गाँवों में 1 करोड़ जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित करने का मिशन संभाल रही है। इस अभियान के माध्यम से रॉबिन हुड आर्मी ग्रामीण भारत में वंचित नागरिकों की सेवा के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत करके देश की आजादी के 76वें वर्ष को प्रभावशाली बनाना चाहती है। "मिशनस्वदेश अभियान" के माध्यम से रॉबिन हुड आर्मी विभिन्न शहरों में स्थानीय गाँवों में जरूरतमंद लोगों को पौष्टिक भोजन और राशन पहुंचाने का लक्ष्य रख रही है। इस अभियान में रॉबिन हुड आर्मी के सभी स्वयंसेवक साथी नागरिकों, रचनाकारों, मीडिया घरानों, और कॉरपोरेट्स ने एकसाथ मिलकर शामिल होने का संकल्प लिया है। इस अभियान का लक्ष्य है भारत में 1000 गाँवों में 1 करोड़ भोजन वितरण, जो रॉबिन हुड आर्मी के स्वयंसेवकों की एक समर्पित समूह के साथ जुड़कर पारंपरिक राशन वितरण को पूर्ववत बदलेगा। इसे करने के लिए प्रत्येक शहर अपने 50 किमी के दायरे में 2-5 गाँवों को गोद लेगा। यह अभियान न केवल जरूरतमंद लोगों को पौष्टिक भोजन प्रदान करेगा, बल्कि रॉबिन हुड आर्मी को गाँवों में लंबी अवधि के लिए ग्रामीण नेटवर्क स्थापित करने में भी मदद करेगा। इस अभियान के माध्यम से रॉबिन हुड आर्मी वंचित लोगों के साथ गहरी संबंध बना कर उन्हें समाज में सम्मानित बनाने के लिए प्रयास करेगी। अभियान के लिए रॉबिन हुड आर्मी के स्वयंसेवक सबसे पिछड़ी आबादी को लक्षित करते हुए, संस्था में शामिल होने के लिए अपने साथी नागरिकों और संरक्षकों से संपर्क कर रही है। इसमें सहायता करने के लिए रॉबिन हुड आर्मी अपने स्वयंसेवकों, दोस्तों, परिवार, कॉरपोरेट्स, और शहर के प्रभावशाली व्यक्तियों से संपर्क कर रही है, जिन्हें अधिक से अधिक राशन बैग का योगदान करने के लिए आह्वान किया गया है। इस राशन बैग में 5 किलो गेहूं का आटा, 2 किलो चावल, और 1 किलो दाल होगा।




जयपुर में रॉबिन हुड आर्मी की शुरूआत सोनल अग्रवाल ने अक्टूबर 2014 में की थी। उनके पहले अभियान में, उनके पति और एक दोस्त ने उनका साथ दिया , जिससे उन्होंने 50 जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया था आज, रॉबिन हुड आर्मी जयपुर में 9 चैप्टर, एक ग्रामीण चैप्टर और लगभग 1000+ स्वयंसेवक हर महीने औसतन 37+ हजार लोगो तक भोजन बाँट रहे हैं, जैसा कि सिटी प्रतिनिधि महेश संजना विजय ने बताया।

रॉबिन हुड आर्मी के सभी स्वयंसेवकों ने जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया है और "मिशनस्वदेश अभियान" में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया है। इस अभियान के माध्यम से रॉबिन हुड आर्मी का लक्ष्य है स्वयंसेवकों और संरक्षकों के साथ मिलकर स्थायी ग्रामीण कनेक्शन का निर्माण करना। योगिता किमतानी, सिटी प्रतिनिधि, ने कहा, "रॉबिन हुड आर्मी के "मिशनस्वदेश अभियान" के माध्यम से हमारे गाँवों तक आरएचए जयपुर की दीर्घकालिक पहुंच को बढ़ावा मिलेगा और हमारे स्वयंसेवकों और संरक्षकों की मदद से स्थायी ग्रामीण कनेक्शन का निर्माण होगा। जरूरतमंदों की सेवा करने से बड़ा कोई आनंद नहीं है।" "यह अभियान भारत में रॉबिन हुड आर्मी की स्वयंसेवा की लोकप्रियता को बढ़ावा देगा और उनकी दीर्घकालिक पहुंच को गांवों तक पहुंचाने में मदद करेगा। हम गांवों में जीवनदायी बदलाव लाने के लिए रॉबिन हुड आर्मी के सभी स्वयंसेवकों को धन्यवाद देते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज़ ब्रीफ

## श्री आदि गणेश भक्त मंडल द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** स्थानीय दाऊजी रोड़ स्थित श्री आदि गणेश भक्त मंडल द्वारा आगामी 2 से 8अगस्त तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा हे । श्री आदि गणेश मंदिर प्रांगण में होने वाली श्रीमद भागवत कथा के बैनर का विमोचन श्री आदि गणेश भगत मंडल के सदस्यों ने किया । कथा का वाचन बीकानेर के प्रख्यात पंडित आचार्य सुनील व्यास करेंगे । इस मौके पर वरिष्ठ सदस्य अविनाश व्यास , मनोज बिस्सा ,कैलाश पारीक, राजेंद्र व्यास, लक्ष्मी नारायण रंगा, विजय श्रीमाली, जितेंद्र श्रीमाली, रवि कल्ला,खेमचंद सोनी,देवकिशन सोनी,राजकुमार खंडेलवाल, ,किशन व्यास, सीए साहब,नंदन जोशी, रामजी व्यास,राकेश रंगा,और गणमान्य व्यक्तियों ने अभिवादन किया । आदि गणेश मंदिर के पुजारी ओम सेवग और गणेश सेवग ने बताया की कथा 2 अगस्त को 12.30 बजे प्रारंभ होगी।

## बस्सी विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने सचिवालय घेराव में लिया भाग



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने सचिवालय घेराव में भाग लिया और पूर्व एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा पूर्व राज्य मंत्री राजस्थान सरकार के नेतृत्व में जितेंद्र मीणा ने बताया कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार में जिस तरह आए दिन महिला अत्याचार सहित दर्जनों घटनाएं रोजाना राजस्थान के कांग्रेस सरकार में आए दिन होती रहती है जिनको लेकर मंगलवार को हजारों की संख्या में बस्सी विधानसभा से पहुंचे कार्यकर्ताओ ने सचिवालय घेराव में बताया कि नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा सचिवालय घेराव के लिए भरतपुर संभाग से आये भाजपा के कार्यकताओं के लिए पूर्व एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा पूर्व राज्य मंत्री राजस्थान सरकार के नेतृत्व में आगरा रोड कानोता पुलिया के पास बस्सी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के लिए चाय नाश्ता एवं जल सेवा की व्यवस्था की गई इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ता बाबूलाल शर्मा चायवाले कानोता, रामफुल शर्मा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, शंकर जांगिड़, रामअवतार शर्मा ,राकेश खंडेलवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष, रामराय शर्मा, कालूराम बमली वाले,मोहन लाल मीणा, मुकेश कुमार मीणा, दिनेश कुमार मीणा, राजू शर्मा, श्रवण शर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीपीआर तकनीक से कैसे बचाई जाती जान : डॉ. तातेड



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** आदित्य ग्रुप लामाना के प्रांगण में जोधपुर के डॉक्टर राजेंद्र तातेड द्वारा सीपीआर तकनीक से किसी पीड़ित की जान कैसे बचाई जाती है इस बारे में बड़े ही सधे हुए तरीके से उपस्थित आदित्य ग्रुप के मैनेजमेंट एवम कर्मचारियों को जानकारी उपलब्ध कराई। कार्डिएक अरेस्ट होने पर मरीज को किस प्रकार इस तकनीक के द्वारा बचाया जा सकता है इस बारे में डॉक्टर तातेड द्वारा प्रैक्टिकल कराकर भी बताया गया। डॉक्टर तातेड वर्ष 2014 से गांव गांव , शहर शहर जाकर सीपीआर तकनीक की जानकारी विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से निशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। अभी तक लाखों लोगों को प्रशिक्षित कर चुके डॉक्टर तातेड 78 वर्ष के हैं परंतु फिर भी अपनी सेवाएं नियमित रूप से लोगों को दे रहे हैं। दिनांक 30 जुलाई को ब्यावर में दो जगह कार्यक्रम करने एवम आज लामाणा कार्यक्रम के पश्चात कल भी ब्यावर में पांच विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से पांच अलग अलग समय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आदित्य ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक झंवर ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद डॉक्टर तातेड को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रंजीत पांडे, अमरचंद मूंदड़ा , जगदीश मोदानी, रवि मूंदड़ा, गजेंद्र अग्रवाल, श्रीकांत बाहेती, रविन्द्र त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, दीपक तंवर, रामसिंह आदि शामिल रहे।

## बारिश से खेतों में फसलें लहराई, किसानों के खिले चेहरे

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** क्षेत्र में पिछले हफ्ते से रुक रुक कर लगातार हो रही बारिश के बाद किसानों की बोई हुई खरीफ की फसलें अब लहराने लगी है वही खेती-बाड़ी के कार्यों में तेजी आई है बारिश होने से लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है बारिश से मौसम सुहाना है रुक-रुक कर बारिश की बूंदे मन को खुशी प्रदान कर रही है राहत की बूंदों के बीच आमजन ने उमस भरे मौसम से राहत महसूस की है बारिश के मौसम ने रिमझिम फुहारों के बीच प्रकृति सौंदर्य निखार आया है किसान इन दिनों खेतों में निराई गुड़ाई का काम भी कर लिया है ऐसे में अब पूरे क्षेत्र में खरीफ की फसलों में किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद नजर आ रही है हालांकि सफेद लट के प्रकोप से फसलों को नुकसान की चिंता सता रही है किसानों का कहना है कि पिछले बरस कम बारिश हुई थी और खेतों में फसलें बो दी गई थी लेकिन बाद में बरसात नहीं होने से फसलों में नुकसान हुआ था लेकिन इस बार अच्छे मानसून की बारिश के बाद लगातार हो रही बारिश के बाद खेतों में बाजरा, ज्?वार, मूंग, मोठ, तिल, ग्वार, मूंगफली आदि फसलों में चारों तरफ से हरियाली दिखाई दे रही है गोपालपुरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता किसान परसाराम बुगालिया ने बताया कि मानसून की बारिश भले ही खरीफ की फसलो के लिए लाभदायक है लेकिन इसी बीच एक परेशानी किसानों को सताने लगी है खेतों में सफेद लट का असर देखा जा रहा है यह कीट खरीफ की फसलों में बाजरा ज्वार मूंग मोठ ग्वार तिल मूंगफली की फसलों को हानि पहुंचा रहा है

# अन्तराष्ट्रीय मिलेट वर्ष: पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन पर सेमिनार का हुआ आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मंगलवार को जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी तत्त्वा पोषण फाउंडेशन एवं सीके बिरला हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में अन्तराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 उत्सव के तहत पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में लगभग 100 छात्रो ने भाग लिया। सेमिनार सत्र की शुरूआत जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के अटल इन्क्यूबेशन सेण्टर के उप प्रबंधक पारितोष प्रसाद ने वर्तमान परिदृश्य में स्टार्टअप द्वारा किये जा रहे नए नए प्रयोगों के विषय में जानकारी साझा किया एवं छात्रो को नए स्टार्टअप शुरू करने हेतु प्रेरित किया। इसी कड़ी में उन्होंने कहा की आज का सेमिनार पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन पर है। पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन में मिलेट कैसे सहायक हो सकता है। मंगलवार की चर्चा इसी पर केन्द्रित रही। इसके पश्चात तत्त्वा पोषण फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बद्री तिवारी ने संस्था का परिचय एवं सेमिनार के उद्देश्य पर चर्चा से सत्र की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि तत्त्वा पोषण







फाउंडेशन जयपुर की एक अलाभकारी कंपनी है जो स्वस्थ्य जीवन एवं पोषण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है एवं मिलेट के दैनिक भोजन में प्रयोग को प्रोत्साहित करता है ताकि हम स्वास्थ्य जीवन जी सके। वर्ष 2022 से संस्था लगातार स्वस्थ्य जीवन शैली, पोषण शिक्षा एवं मिलेट / श्री अन्न / मोटे अनाज का दैनिक जीवन में प्रयोग को बढ़ाने के लिए नित नए प्रयास कर रही है। संस्था स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा एवं मिलेट उत्पाद पर काम करने वाली संस्थाओ एवं कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए पोषण एवं स्वास्थ्य क्या है और इसका प्रबंधन क्या है पर विस्तृत चर्चा किया। इसके साथ ही गैर संचारी रोग (नान कम्युनिकेबल डिजीज) जैसे मधुमेह टाइप 2, हाइपर टेंशन, डिप्रेशन, एंग्जायटी, मादक पदार्थो का सेवन, भोजन के विकार, बचाव में पोषण का महत्व एवं भारत में गैर संचारी रोगों की वर्तमान दर एवं स्थिति क्या है पर भी अपनी बात रखी। विभिन्न उम्र एवं समूहों की पोषण की कितनी आवश्यकता होती है पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि किशोरावस्था के बच्चों, महिलाओं एवं बुजर्गों को संतुलित पोषण की सबसे ज्यादा आवश्यक होती है। आज गलत खान पान की वजह से विभिन्न प्रकार के गैर संचारी रोगों (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) का दर बढ़ता जा रहा है। आज भारत में लगभग 5 से कम उम्र के लगभग 67 प्रतिशत बच्चे, प्रतिशत किशोरियां एवं 52 प्रतिशत महिलायें एनीमिया (खून की कमी) से ग्रसित है। ऐसे ही अगर मोटापे का दर देखें तो 19.3 प्रतिशत महिलाएं एवं 17.8 प्रतिशत पुरुष मोटापे/ अधिक वजन के शिकार है। भारत में 11.4 प्रतिशत मधुमेह, 35.5 प्रतिशत लोग हाइपर टेंशन, के शिकार है। इन सबके पीछे एक महत्वपूर्ण कारण हमारा पोषण का प्रबंधन है। आईसीएमआर की 2017 की एक रिसर्च के अनुसार वर्ष 2016 में कुल 61.8 प्रतिशत मौतें नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के करण हुई है। यह दर 1990 में 37.9 प्रतिशत था। कार्यक्रम के अंत में बद्री तिवारी ने सभी छात्र छात्राओं एवं यूनिवर्सिटी परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। आज के कार्यक्रम में विशेष सहयोग सीके बिरला हॉस्पिटल के दीपेश अग्रवाल, यूनिवर्सिटी परिवार से परितोष प्रसाद एवं तत्त्व पोषण से पोषण विशेषज्ञ सकना अरुकवाल एवं हर्ष शर्मा आदि का रहा।

## कडूंगर कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी के ब्रोशर का विमोचन

### 8 अगस्त को होगा संगोष्ठी का आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सम्भाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा विभाग का स्वर्ण जयन्ति वर्ष एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार 8 अगस्त को आयोजित किया जावेगा। प्राचार्य का कार्य देख रहे डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कॉलेज के प्रताप सभागार में आयोजित किया जावेगा जिसमें देशभर के शिक्षाविद एवं पर्यावरणविद शरीक हो रहे हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने बताया मंगलवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह के ठीक पश्चात तकनीकी सत्र का आयोजन होगा जिसमें शिक्षाविद अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेगें।



डॉ. पुरोहित ने बताया कि संगोष्ठी में पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित विस्तृत चर्चा की जावेगी जिसके मूल को सक्षम स्तर तक पहुंचाया जावेगा जिससे कि कार्यक्रम की सार्थकता सिद्ध की जा सके। उन्होनें बताया कि मंगलवार को उक्त संगोष्ठी के फोल्डर का विमोचन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. कैलाश स्वामी, संयोजक डॉ. अरूणा चक्रवर्ती एवं आयोजन सचिव डॉ. अर्चना पुरोहित ने विद्यार्थियों से अधिकाधिक रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। आयोजन सचिव डॉ. अर्चना पुरोहित ने बताया संगोष्ठी में श्रेष्ठ प्रस्तुति करने वाले विद्यार्थियों को बेस्ट पोस्टर पुरस्कार से नवाजा जावेगा। डॉ. अर्चना ने बताया कि संगोष्ठी में विकिरण से होने वाले नुक्सान एवं फायदे से संबंधित एक लघु फिल्म को भी प्रदर्शित किया जावेगा। उन्होनें बताया कि मंगलवार को हुए विमोचन समारोह में डॉ. अनिला पुरोहित, डॉ. लीना शरण डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ. प्रताप सिंह, डॉ. योगेन्द्र सिंह, डॉ. सरिता स्वामी, डॉ, निधि शर्मा, डॉ. सुषमा जैन, डॉ. सुनीता माण्डा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## पर्यावरण रक्षा : नाँगल सिरस में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

*वृक्षारोपण कार्यक्रम उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम नाँगल सिरस गणेश धाम मन्दिर में वृक्षारोपण कार्यक्रम उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान डागर ने बताया कि हर वर्ष 500 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है जिसमें राजकीय विधालयों, चिकित्सालयों, श्मशानघाटो एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगायेंगे। इस अवसर पर गोविन्दपुरा सरपंच पवन कुमार बुनकर, ग्राम सहकारी समिति अध्यक्ष रामेश्वर हरितवाल, लल्लूराम शर्मा, उपाध्यक्ष भैरूराम शर्मा, जगदीश मण्डोलिया, कजोडमल बुनकर, नानुराम शर्मा, किसान नेता शंकर बधाला, रामपाल निठारवाल, गुलाबचन्द हरितवाल, मालीराम निठारवाल, रामु कोलावत, सुरेश शर्मा, कालुराम मण्डोलिया, रमेश मण्डोलिया, राकेश खरेटिया, मदन मण्डोलिया, सुनिल कुमार वर्मा, चौथमल अटल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में फायरिंग

**धौलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र की आशियाना कॉलोनी में सोमवार रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में फायरिंग हो गई। फायरिंग की खबर मिलते ही एसपी मनोज कुमार के साथ एडीशनल एसपी और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस की गाड़ियों को देखते ही मौके पर मौजूद आरोपी भाग निकले, जिनकी तलाश में पुलिस ने छापेमारी की। जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग के बाद पुलिस की छापेमारी में एक ट्रैक्टर के साथ कुछ संदिग्धों को राउंड अप किया गया है। मौके पर पहुंचे एसपी मनोज कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम को आशियाना कॉलोनी में फायरिंग की सूचना मिली थी। जिस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस के आने से पहले ही भाग निकले। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच फायरिंग किए जाने का सामने आ रहा है।

### महोत्सव में विधाथीर्यो ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

## राजकीय महाविधालय साँभरलेक में युवा महोत्सव का हुआ आयोजन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** फुलेरा तहसील के साँभरलेक राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविधालय में राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री सीताराम लाम्बा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने विधा की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर रहे। उप जिलाप्रमुख डागर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के युवाओं को आगे बढ़ाने उनकी प्रतिभाओं को निखारने हेतु सरकार का यह एक सराहनीय प्रयास है निश्चित रूप से युवा महोत्सव के में युवाओं की प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलेगा। पंचायत समिति सदस्य धन्नालाल नोदल, भँवर सारण, महाविद्यालय अध्यक्ष भवनेश गुर्जर, राजेश ककरालिया, युवा महोत्सव कोआर्डिनेटर रामस्वरूप ओला, महाविधालय प्राचार्य ज्ञानप्रकाश दायमा, पूर्व अध्यक्ष राजकीय महाविधालय साँभरलेक अशोक कुमार खरबास, सरस्वती जेट डायरेक्टर चन्द्र सिंह चौधरी उपस्थित थे।

## व्यासपीठ पर बिराजमान आचार्य ने अपनी मधुर वाणी मे श्री कृष्ण जन्म उत्सव कथा सुनाई

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर।** श्रीडूंगरगढ़ के मिलनसार सत्संग प्रेमी स्व लुणकरन मोदी की पावन स्मृति में उनके सुपुत्र हरिप्रसाद तथा सुपौत्र श्यामसुंदर मोदी द्वारा शनि मन्दिर के पास निज निवास पर भागवत कथा का आयोजन किया गया है। भागवत कथा का रस पान क्षेत्र के ख्याति प्राप्त विद्वान पंडित रेवंत प्रसाद के सुपोत्र राजगुरू देवी लाल के सुपुत्र आचार्य राजगुरू रामदेव



उपाध्याय द्वारा व्यास पीठ पर विराजमान होकर कराया जा रहा है।। कृष्ण जन्म उत्सव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

कृष्ण जन्म की कथा सुनने वाले भक्त गण नंद के आनन्द भैयो जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की। का जयकारा करने लगे। हरि प्रसाद मोदी जो भी मिलता है बड़ा हो चाहे छोटा सबको पहले प्रणाम करते हैं के परिवार जनो द्वारा पंजीरी का प्रसाद तथा बच्चों को मिठाई खिलोने बांटे गए। भागवत कथा सुनने के लिए सभी मोहल्ले के आसपास के गांवों से अनेकों भक्त प्रेमी आ रहे हैं। इस अवसर पर स्व लुणकरन जी मोदी के परिवार जन हरिप्रसाद की बहिन पुत्री पुत्री जवाई व देवीलाल द्वारका प्रसाद दिलीप कुमार बजरंग लाल भतीजा लक्ष्मी नारायण पवन कुमार रिश्ते दार स्व जनों का सम्मान किया गया। सभी आगंतुकों को हरिप्रसाद मोदी ने प्रणाम कर धन्यवाद दिया।

## मुवावजे की मांग को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा बहरोड।** भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को प्राकृतिक आपदा से फसलों में नुकसान का मुआवजा अभी तक नहीं मिलने से नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन पत्र सौंपा। भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष शेर सिंह यादव के नेतृत्व में किसानों के द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि प्रतिवर्ष किसानों की खरीफ और रबी की फसलों में प्राकृतिक आपदा के कारण भारी नुकसान हो जाता है। सरकार के द्वारा समय-समय पर फसल का सर्वे भी करवाया गया। किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए बैंक खाते की डिटेल भी ली गई। लेकिन अभी तक उन्हें कोई राशि नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि सिंचित क्षेत्र में 17सौं रुपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा मिलना चाहिए। ज्ञापन बताया गया कि अलवर को-ऑपरेटिव सोसायटी बैंक लिमिटेड बहरोड़ शाखा के द्वारा लगभग 10 करोड़ रुपए का किसानों के खातों से गबन किया गया था। जांच करने पर किसानों के करीब 12सौं खाते फ्रीज कर दिए गए। जिसमें किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि के बुढ़ापे के पेंशन एवं बचत खाते थे। इसका किसान संघ ने विरोध किया तो कुछ खाते दोबारा खोल दिए गए। जिन किसानों गबन का किया गया है, उन्हें राशि शीघ्र दी जावे। पशुधन में लंबी बीमारी के कारण जिन पशुपालकों ने प्राइवेट डॉक्टर से इलाज करवाया था और जो मुआवजे से वंचित रह गए। उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। इस दौरान बलवंत सिंह शेरपुर, धर्मपाल यादव, पूर्व सरपंच दयाराम यादव, राजेंद्र सिंह यादव, पप्पू मीणा, जयसिंह खेड़की सहित किसान मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने ऐसा रचा इतिहास जो मेसी, नेमार के बस का भी नहीं!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अन्य सभी को पछाड़कर फुटबॉल की दुनिया में एक अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की है। इस प्रिय खेल के पूरे इतिहास में हेडर के माध्यम से सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

आज एक अगस्त को क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने शानदार करियर में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि जोड़ी। अल नासर के लिए खेलते हुए, उनकी टीम एक रोमांचक अरब क्लब चैंपियंस कप मुकाबले में यूएस मोनास्टिर के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत के साथ विजयी हुई।

### रोनाल्डो ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

यह मैच रियाद के प्रतिष्ठित किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में हुआ, जिसने दुनिया भर के प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रोनाल्डो की असाधारण गोल स्कोरिंग क्षमताएं पूरे प्रदर्शन पर थीं क्योंकि उन्होंने न केवल अपनी टीम की जीत में योगदान दिया बल्कि अपना नाम एक बार फिर रिकॉर्ड बुक में दर्ज कराया।



### हेडर से किया 145वां गोल

अपनी असाधारण क्षमता का उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैच के 74वें मिनट के दौरान एक प्रभावशाली हेडर के साथ अपना 145वां गोल करके एक बार फिर इतिहास रच दिया। रोनाल्डो की उपलब्धि ने खेल के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ते हुए, सर्वकालिक महान फुटबॉलरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत कर दिया है।

### जर्मन स्ट्राइकर गर्ड मुलर का तोड़ा रिकार्ड



हेडर से गोल करने वाले रोनाल्डो ने सम्मानित जर्मन स्ट्राइकर गर्ड मुलर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने अपने सिर का उपयोग करके 144 गोल किए थे। स्पेनिश फुटबॉलर कार्लोस सैंटिलाना सम्मानजनक 125 हेडर गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं। महान ब्राज़ीलियाई आइकन पेले भी पीछे नहीं हैं, वह हेडर के मामले में 124 गोलों की प्रभावशाली संख्या के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### माइलस्टोन साबित हुआ कॅरियर का 839वां गोल

*यह गोल रोनाल्डो के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित हुआ क्योंकि यह उनके करियर का 839वां गोल था। 38 साल की उम्र में, उन्होंने लगातार 22वें सीज़न में स्कोर करके अपनी महानता का प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि रोनाल्डो को अरब क्लब चैंपियंस कप के इस महत्वपूर्ण मैच से पहले प्री-सीजन मैत्री मैचों के दौरान गोल के सूखे का सामना करना पड़ा था।*

## खबर संक्षेप



### गत चैंपियन मैरी बौज़कोवा पहले दौर में बाहर

**प्राग।** मौजूदा चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैरी बौज़कोवा प्राग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में जैकलिन क्रिस्टियन से तीन सेट तक चले मैच में हार कर बाहर हो गई। रोमानिया की गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्रिस्टियन ने चेक गणराज्य की बौज़कोवा को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर का शिकार बनाया। यह उनकी अपनी इस प्रतिद्वंदी पर पहली जीत है। अन्य मुकाबलों के ऐसे रहे परिणाम

एक अन्य गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी स्लोवाकिया की विक्टोरिया ह्रुनकाकोवा ने चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त ज़िन्यू वांग को 3-6, 6-3, 7-6 (5) से हराकर उलटफेर किया। यूक्रेन की आठवीं वरीयता प्राप्त कैटरीना बैंडल ने हमवतन डयाना यास्त्रेम्स्का को 6-4, 2-6, 6-2 से हराया।

### उरुग्वे के स्टार फुटबॉलर गोडिन ने संन्यास लिया



**ब्यूनस आयर्स।** उरुग्वे की तरफ से चार विश्वकप में भाग लेने वाले पूर्व डिफेंडर डिएगो गोडिन ने 37 साल के उम्र में अपने 20 साल के फुटबॉल करियर को समाप्त करने का फैसला किया है।

गोडिन ने अपने करियर का अधिकतर समय स्पेन के क्लब एटलेटिको मैड्रिड के साथ बिताया जिसके लिए वह 2010 से 2019 तक खेलते रहे। इस सत्र में वह अर्जेंटीना के वेलेज सार्सफील्ड की तरफ से खेल रहे थे। गोडिन ने अपने करियर में 600 से अधिक पेशेवर मैच खेले और 38 गोल किए। उनके नाम पर 10 खिताब भी दर्ज हैं जिनमें यूरोपा लीग के दो खिताब भी शामिल हैं।

### त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में



**सिडनी।** राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने कैथरीन चोई और जोसेफाइन वू की कनाडा की जोड़ी को मंगलवार को यहां सीधे गेम में हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। त्रीसा और गायत्री की दुनिया की 17वें नंबर की जोड़ी ने पहले दौर में चोई और वू की दुनिया की 29वें नंबर की जोड़ी को 21-16 21-17 से हराया। त्रीसा और गायत्री की अगले दौर में हालांकि राह आसान नहीं होगी। अब मायु-वकाना से होगी भिड़ंत इस भारतीय जोड़ी को अगले दौर में मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की जापान की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से भिड़ना है।

## क्रिकेट : हार्दिक को टीम इंडिया की कमान

# भारत-वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज, भिड़ंत कल से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और वेस्टइंडीज के बीच आज वनडे सीरीज समाप्त होने के ठीक दो दिन बाद से यानी 3 अगस्त से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। टी20 सीरीज का पहला मैच त्रिनिदाद में, दूसरा और तीसरा मैच गयाना में और फिर अंतिम दो मैच फ्लोरिडा में खेले जाएंगे।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जाने वाली टी20 सीरीज के सभी मैच भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेले जाएंगे। वहीं मुकाबले के टॉस साढ़े 7 बजे होंगे। भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज का भारत में टीवी पर हिंदी और अंग्रेजी में डीडी स्पोर्ट्स पर सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

### दोनों टीमों का ऐलान

भारत और वेस्टइंडीज, दोनों ही बोर्ड टी20 सीरीज के लिए अपनी अपनी टीमों का एलान कर चुके हैं। टीम इंडिया की कमान जहां हार्दिक पांड्या के हाथों में है। वहीं वेस्टइंडीज टीम की अगुवाई रोवमैन पॉवेल करेंगे। टीम इंडिया जहां युवा खिलाड़ियों से लैस है। वहीं वेस्टइंडीज ने पावरपैक टीम का चयन किया है।



### भारतीय टीम

हार्दिक पांड्या (कप्तान) ईशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान और मुकेश कुमार।

### वेस्टइंडीज टीम

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मेयर्स (उपकप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, शिमरन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, ओबेड मैक्कॉय, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ और ओशाने थॉमस।

### टी20 सीरीज का पूरा शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | 3 अगस्त- त्रिनिदाद |
| दूसरा टी20 | 6 अगस्त- गयाना |
| तीसरा टी20 | 8 अगस्त- गयाना |
| चौथा टी20 | 12 अगस्त- फ्लोरिडा |
| पांचवां टी20 | 13 अगस्त- फ्लोरिडा |

# स्वितोलिना ने अजारेंका को हराया, नहीं मिलाया हाथ

### स्वितोलिना और अजारेंका ने चेयर अंपायर से मिलाया हाथ



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेटों में हराने के बाद अपनी इस प्रतिद्वंदी से हाथ नहीं मिलाए।

स्वितोलिना ने खेले गए पहले दौर के इस मैच में 7-6 (2), 6-4 से जीत दर्ज की। यूक्रेन में युद्ध के दौरान स्वितोलिना और उनके देश की अन्य खिलाड़ियों ने रूस और बेलारूस की अपनी प्रतिद्वंद्वियों से हाथ मिलाने से परहेज की है। रूस ने फरवरी 2022 में बेलारूस की मदद से यूक्रेन पर हमला किया था और यह युद्ध अभी जारी है।

### पहले ही बता दिया था कि हाथ नहीं मिलाएंगे

स्वितोलिना और अजारेंका के बीच मैच से पहले ही दर्शकों को बता दिया गया था कि दोनों खिलाड़ी मैच के बाद एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाएंगे। टेनिस में मैच समाप्त होने के बाद खिलाड़ी आपस में हाथ मिलाते हैं लेकिन स्वितोलिना और अजारेंका ने केवल चेयर अंपायर से हाथ मिलाया। स्वितोलिना के इस कदम की कुछ दर्शकों ने सराहना भी की। स्वितोलिना ने बाद में कहा, "यह सही फैसला है। मैंने डब्ल्यूटीए से कहा कि वह यूक्रेन के खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करे और उसने ऐसा किया।

### महिला वर्ग के ऐसे रहे परिणाम

*'पहले दौर के अन्य मैचों में गत चैंपियन ल्यूडमिला सैमसोनोवा ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली डेनिएल कोलिन्स को 6-1, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में ही लॉरेन डेविस ने 2017 की यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को 7-6 (8), 3-6, 6-1 से जबकि मार्टा कोस्त्युक ने 2019 की यूएस ओपन चैंपियन बियांका एंड्रीस्कू को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया।*

# नवरात्र के कारण भारत-पाक के बीच महामुकाबला अब 15 की बजाय 14 अक्टूबर को



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच इस साल वनडे विश्व कप में होने वाला मैच तय तारीख पर नहीं खेला जाएगा। यह मैच 15 अक्टूबर को खेला जाना था। स्पोर्ट्स तक की रिपोर्ट के अनुसार अब यह मुकाबला 14 अक्टूबर को खेला जाएगा। सारा बदलाव नवरात्रि त्योहार को देखते हुए किया गया है।

बता दें कि 15 अक्टूबर को त्योहार का पहला दिन है और मैच अहमदाबाद में खेला जाना है। अहमदाबाद में नवरात्र पर्व की काफी धूमधाम रहती है इस कारण तारीख में बदलाव किया गया है।

### सुरक्षा एजेंसियों के आग्रह पर बदलाव

बता दें कि पूरे गुजरात में नवरात्रि के दौरान गरबा रात्रि का आयोजन होता है। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को कार्यक्रम में बदलाव करने को कहा था। भारत पाकिस्तान मैच के टिकट घंटे भर में बिक गए थे। अहमदाबाद में वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला जाना है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 5 मैच खेले जाने हैं।

### विश्व कप में भारत के मैचों पर एक नजर

भारतीय टीम विश्व कप में पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेलेगी। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया - 8 अक्टूबर, चेन्नई भारत बनाम अफगानिस्तान - 11 अक्टूबर, दिल्ली भारत बनाम पाकिस्तान - 14 अक्टूबर, अहमदाबाद भारत बनाम बांग्लादेश - 19 अक्टूबर, पुणे भारत बनाम न्यूजीलैंड - 22 अक्टूबर, धर्मशाला भारत बनाम इंग्लैंड - 29 अक्टूबर, लखनऊ भारत बनाम क्वालीफायर-2 - 2 नवंबर, मुंबई भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका - 5 नवंबर, कोलकाता भारत बनाम क्वालीफायर-1 - 11 नवंबर, बेंगलुरु।



## पाकिस्तान की हॉकी टीम वाघा बॉर्डर से भारत पहुंची, कल से होंगे मैच

***चेन्नई।*** *पाकिस्तान की हॉकी टीम गुरुवार से यहां होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए मंगलवार को अटारी वाघा बॉर्डर से भारत पहुंची। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मैच नौ अगस्त को खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम सड़क के रास्ते अमृतसर पहुंचने के बाद विमान से चेन्नई के लिए रवाना होगी। इस बीच हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार को यहां पहुंची। भारतीय टीम गुरुवार को चीन के खिलाफ मैच से पहले बुधवार को मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अभ्यास करेगी। पाकिस्तान की टीम भी इस दिन अभ्यास करेगी।*

# आयरलैंड दौरा : टीम इंडिया का ऐलान बुमराह संभालेंगे कप्तानी का जिम्मा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयरलैंड के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान हो गया है।

टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। इतना ही नहीं जसप्रीत बुमराह को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने आयरलैंड दौरे पर युवा खिलाड़ियों को ही भेजना का फैसला किया है। ऋतुराज गायकवाड़ को आयरलैंड दौरे के लिए टीम का उपकप्तान बनाया गया है।



### टी-20 सीरीज का शेड्यूल

आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज का आगाज 18 अगस्त से होगा। दूसरा ट्वेंटी-ट्वेंटी 20 अगस्त को खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 23 अगस्त को खेला जाएगा।

### टीम इस प्रकार है

जसप्रीत बुमराह (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आवेश खान।

## कल से शुरू हो रहा डूरंड कप, पहली बार 24 टीमें होंगी शामिल

# मोहन बागान भिड़ेगा बांग्लादेश आर्मी एफटी से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 132वें संस्करण की शुरुआत कल 3 अगस्त से होने वाली है। यह टूर्नामेंट पूरे एक माह यानि 3 सितंबर तक खेला जाएगा। इसमें हीरो इंडियन सुपर लीग चैंपियन, मोहन बागान सुपर जाइंट, शुरुआती मैच में बांग्लादेश आर्मी एफटी से भिड़ेगा। डूरंड कप 2023 के सभी मैच स्पोर्ट्स चेनल पर देखे जा सकते हैं।

छह ग्रुप विजेता और दो सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी। बता दें कि बेंगलुरु एफसी मौजूदा चैंपियन है। उसने डूरंड कप 2022 फाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर जीत हासिल की थी। टूर्नामेंट तीन शहरों कोलकाता, गुवाहाटी और कोकराझार में खेला जाएगा।



### 24 टीमों को बांटा गया 6 ग्रुप में

डूरंड कप के इतिहास में यह पहली बार है कि इसमें 24 टीमें शामिल होंगी और टीमों को चार-चार के छह ग्रुप में बांटा जाएगा। इस संस्करण में 19 भारतीय क्लब और भारत, नेपाल और बांग्लादेश की पांच सशस्त्र बलों की टीमें हिस्सा लेंगी। 27 वर्षों में पहली बार होगा कि कोई विदेशी टीम टूर्नामेंट में शामिल होगी। छह ग्रुप विजेता और दो सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी।

### डूरंड कप 2023 के ग्रुप

ग्रुप एः बांग्लादेश आर्मी फुटबॉल टीम, ईस्ट बंगाल एफसी, मोहन बागान सुपर जाइंट, पंजाब एफसी
ग्रुप बीः भारतीय नौसेना फुटबॉल टीम, जमशेदपुर एफसी, मोहम्मडन एससी, मुंबई सिटी एफसी
ग्रुप सीः बेंगलुरु एफसी, गोकुलम केरल एफसी, भारतीय वायु सेना फुटबॉल टीम, केरल ब्लास्टर्स एफसी
ग्रुप डीः डाउनटाउन हीरोज एफसी, एफसी गोवा, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, शिलांग लाजोंग एफसी
ग्रुप ईः चेन्नईयिन एफसी, दिल्ली एफसी, हैदराबाद एफसी, त्रिभुवन आर्मी एफसी
ग्रुप एफः भारतीय सेना फुटबॉल टीम, बोडोलैंड एफसी, ओडिशा एफसी, राजस्थान यूनाइटेड एफसी

**इन मैदानों में होंगे मैच**

**कोलकाता** : विवेकानन्द युबा भारती क्रीड़ांगन, किशोर भारती क्रीड़ांगन , ईस्ट बंगाल ग्राउंड, मोहन बागान ग्राउंड
**गुवाहाटी** : इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम
**कोकराझार** : भारतीय खेल प्राधिकरण स्टेडियम
**प्रसारण विवरण** : डूरंड कप 2023 के सभी मैच सोनी स्पोर्ट्स टेन 2 और सोनी लिव पर देखे जा सकते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

तीसरा मौका 30-31 अगस्त को

## ऐसा दिखाई दिया सुपरमून पृथ्वी के सबसे नजदीक आया

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

एक अगस्त को चांद कुछ ज्यादा बड़ा दिखाई दिया। ये एक सुपरमून था। इसमें चांद आम तौर पर ज्यादा बड़ा और चमकदार दिखाई देता है। यह तब होता है जब चांद पृथ्वी का चक्कर लगाते हुए एकदम नजदीक आ जाए और इसी दौरान पूर्णिमा भी रहे। सुपरमून पूर्णिमा के बाकी चांद से लगभग 8 फीसदी ज्यादा बड़े दिखते हैं। पूर्णिमा से अमावस्या तक चांद के घटने बढ़ने के आठ चरण होते हैं, जो हर 29.5 दिन में दोहराए जाते हैं।



### क्यों होता है सुपरमून

सुपरमून शब्द 1979 में खगोलविद् रिचर्ड नोल ने दिया था। यह शब्द पूर्णिमा के दौरान चांद के पृथ्वी के सबसे करीब होने के लिए गढ़ा गया। एक अगस्त को चांद पृथ्वी से 3,57,530 किमी दूर होगा। पृथ्वी से चांद की दूरी 3.6 लाख किमी से 4 लाख किमी तक बदलती रहती है।

## चंद्रयान-3 की अंतरिक्ष में एक और बड़ी छलांग

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रमा पर जाने वाले अंतरिक्ष यान चंद्रयान-3 को ट्रांसलूनर कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। इसरो ने ट्वीट किया, 'चंद्रयान-3 पृथ्वी के चारों ओर अपनी परिक्रमा पूरी कर ली और चंद्रमा की ओर बढ़ गया है। आईएसटीआरएसी में एक सफल पेरिगी-फायरिंग की गई, इसरो ने अंतरिक्ष यान को ट्रांस-लूनर कक्षा में स्थापित कर दिया है। अगला पड़ाव : चंद्रमा। चंद्रयान -ऑर्बिट इंसर्शन (एलओआई) की योजना 5 अगस्त, 2023 को चंद्रमा पर पहुंचाने की है।' बता दें ट्रांस-लूनर ऑर्बिट इंजेक्शन वह प्रक्रिया है, जिसके तहत चंद्रमा की ओर जाने वाले अंतरिक्ष यान को एक प्रक्षेप पथ में डाल दिया जाता है, ताकि वह चंद्रमा तक पहुंच सके।

# पृथ्वी को छोड़ अब चंद्रमा की राह बढ़ा चंद्रयान-3

चंद्रयान-3 पृथ्वी के चारों ओर अपनी परिक्रमा पूरी कर ली और चंद्रमा की ओर बढ़ गया है। इसरो ने अंतरिक्ष यान को ट्रांस-लूनर कक्षा में स्थापित कर दिया है।




### ट्रांस-लूनर इंजेक्शन के बाद पृथ्वी से गया दूर

इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 ने पृथ्वी के चारों ओर अपनी परिक्रमा पूरी कर ली है और अब यह चंद्रमा की ओर बढ़ रहा है। इसरो ने कहा कि इसट्रेक (इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क) ने एक सफल पेरिजी-फायरिंग की। जिसने अंतरिक्ष यान को ट्रांसलूनर कक्षा में स्थापित कर दिया है। ट्रांस-लूनर इंजेक्शन के बाद अंतरिक्ष यान चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा से निकल गया और अब यह उस पथ की ओर जा रहा है जो उसे चंद्रमा की ओर ले जाएगा। इसरो ने कहा कि वह 5 अगस्त, 2023 को एलओआई प्रक्रिया को पूरा करेगा। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को भारत के हेवी लिफ्ट रॉकेट एलवीएम3 द्वारा कॉपीबुक शैली में 14 जुलाई, 2023 को कक्षा में स्थापित किया गया था। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। मिशन का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा की धरती पर सुरक्षित उतारना है।

### 23 अगस्त की शाम 5.47 बजे चंद्रमा की सतह पर पहुंचेगा लैंडर

चंद्र कक्षा में प्रवेश करने के कुछ दिनों बाद लैंडर प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो जाएगा। लैंडर के 23 अगस्त की शाम 5.47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा। सॉफ्ट लैंडिंग एक पेचीदा मुद्दा है, क्योंकि इसमें रफ और फाइन ब्रेकिंग सहित जटिल युद्धाभ्यासों की एक श्रृंखला शामिल होती है। सुरक्षित और खतरा-मुक्त क्षेत्र खोजने के लिए लैंडिंग से पहले लैंडिंग साइट क्षेत्र की इमेजिंग की जाएगी। सॉफ्ट लैंडिंग के बाद छह पहियों वाला रोवर बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस की अवधि के लिए चंद्र सतह पर प्रयोग करेगा जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर है। बता दें कि साल 2019 में चंद्रयान-2 मिशन का लैंडर चंद्रमा की सतह पर क्रैश हो गया था। इसके बाद ही भारत ने चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी शुरू कर दी थी। चंद्रयान-2 की तरह ही चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम भी विक्रम रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### जापान में खानून तूफान के कारण 510 उड़ानें रद्द

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में शक्तिशाली तूफान खानून के कारण कम से कम 510 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।



ओकिनावा द्वीप पर नाहा हवाई अड्डे और क्यूशू द्वीप के दक्षिणी हिस्से में कागोशिमा को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और नौकाएं रोक दी गई हैं। खानून के रुख के कारण सोमवार को 260 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। वर्तमान में चक्रवात का दबाव 935 हेक्टोपास्कल है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवात और तीव्र हो जाएगा।

### एकल-उपयोग प्लास्टिक पर न्यूयार्क में प्रतिबंध


**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के सर्वाधिक आबादी वाले शहर न्यूयॉर्क में टेकआउट ऑर्डर में एकल-उपयोग



प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों को दंड के तौर पर पहले अपराधी के लिए 50 अमेरिकी डॉलर, दूसरे के लिए 150 डॉलर और तीसरे के लिए 250 डॉलर जुर्माना देना होगा। नए नियमों के तहत शहर में रेस्तरां और डिलीवरी सेवाओं को टेकआउट और डिलीवरी ऑर्डर में प्लास्टिक के बर्तन, मसाला पैकेट, नैपकिन या अतिरिक्त कंटेनर प्रदान करने की अनुमति नहीं है।

### चुनाव जांच को रद्द करने संबंधी ट्रंप के प्रयास खारिज


**वॉशिंगटन।** अमेरिक की एक अदालत ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2020 के



राष्ट्रपति चुनाव में जॉर्जिया प्रांत में उनके कथित हस्तक्षेप की जांच को रद्द करने के प्रयासों को खारिज कर दिया। फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश रॉबर्ट मैकबर्नी ने जॉर्जिया जिले के वकील को ट्रम्प पर मुकदमा चलाने और मामले की जांच में एकत्र किए गए कुछ सबूतों का उपयोग करने से रोकने के लिए ट्रम्प की कानूनी टीम के प्रयासों को खारिज कर दिया। मैकबर्नी ने कहा जांच को रोकने का कोई आधार नहीं है।

### मेटा एआई-संचालित चैटबॉट रूस में लांच होगा

**कैलिफोर्निया।** रूस में प्रतिबंधित सोशल मीडिया कम्पनी मेटा अगस्त में कृत्रिम बुद्धि-संचालित



(एआई) चैटबॉट लॉन्च करने की योजना बना रहा है जो उपयोगकर्ताओं के जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए काल्पनिक पात्रों सहित विभिन्न व्यक्तित्वों के परिप्रेक्ष्य से प्रतिक्रिया देने में सक्षम होगा। चैटबॉट्स से एक नया खोज फ़ंक्शन प्रदान करने और अनुशंसित सामग्री पेश करने की उम्मीद की जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी पहले ही नए फीचर का परीक्षण कर चुकी है।

## भुखमरी और अंदरूनी खतरों से जूझ रहे पाक को आई शांति की याद

# आखिरकार पाकिस्तान के तेवर नरम पड़े, बोला युद्ध विकल्प नहीं, हम भारत से बातचीत को तैयार


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*पड़ोसी देश पाकिस्तान की तरफ से भारत को बातचीत का ऑफर आया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है और वह भारत से बातचीत को तैयार हैं।*

भारत के कड़े रुख के आगे पाकिस्तान के तेवर ढीले पड़ते दिख रहे हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का बयान आया है। उन्होंने कहा कि 75 सालों में भारत और पाकिस्तान ने तीन युद्ध लड़े। तीनों की वजह से सिर्फ गरीबी, बेरोजगारी और संसाधनों की कमी देखने को मिली। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि अगर पड़ोसी (भारत) गंभीर है, तो वह (पाकिस्तान) बातचीत को तैयार हैं। शरीफ ने कहा, 'बीते 75 सालों में हमने तीन युद्ध लड़े हैं। इसने सिर्फ गरीबी, बेरोजगारी और संसाधनों की कमी को जन्म दिया है। युद्ध अब विकल्प नहीं है।' शहबाज शरीफ यहां 1965 (कश्मीर युद्ध), 1971 युद्ध (बांग्लादेश बंटवारा), 1999 (कारगिल युद्ध) का जिक्र कर रहे थे, तीनों में ही पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी थी।

### खास बातें

- भारत से हुए तीन युद्धों में परास्त हुआ पाकिस्तान
- भारत के पास 164 तो पाकिस्तान के पास हैं 170 परमाणु हथियार



### भूख से बेहाल... पर परमाणु बम में मालामाल

पाकिस्तान एक तरफ शांति की बात कर रहा है लेकिन वह अपने परमाणु हथियारों की संख्या में इजाफा करने में पीछे नहीं है। बीते एक साल में ही उसने 5 परमाणु हथियार अपने खाते में जोड़ लिए हैं। जून 2023 में स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई ) की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने पिछले एक साल में 60 परमाणु हथियार बढ़ाए हैं। वहीं रूस ने 12, पाकिस्तान ने 5, नॉर्थ कोरिया ने 5 और भारत ने 4 हथियार बढ़ाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान परमाणु हथियार के मामले में भारत से आगे है। उस पर 170 परमाणु हथियार हैं। जबकि भारत पर 164 हथियार हैं।

### परमाणु बमों पर दी सफाई

*पाकिस्तान ने पीएम ने आगे परमाणु हथियारों का भी जिक्र किया। वह बोले, 'पाकिस्तान परमाणु संपन्न देश है। ऐसा आक्रमक होने के लिए नहीं बल्कि खुद की रक्षा के लिए किया गया है। लेकिन ऊपरवाला ना करे, कभी परमाणु युद्ध जैसी स्थिति आई तो क्या हुआ था ये बताने के लिए भी कोई जिंदा बचेगा या नहीं पता नहीं। युद्ध अब विकल्प नहीं है।'*

### शांतिपूर्ण चर्चा की वकालत

*एक तरफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने युद्ध ना करने की दुहाई दी लेकिन दूसरी तरफ उन्होंने भारत पर आरोप भी लगाए। वह बोले कि पड़ोसी देश (भारत) को समझना होगा कि असामान्य चीजों को दूर किए बिना स्थिति को सामान्य नहीं किया जा सकता। शरीफ ने आगे कहा कि कुछ गंभीर मुद्दों को शांतिपूर्वक और सार्थक चर्चा के साथ सुलझाना होगा।*

### 200 लोगों की जान गई

पाकिस्तान की तरफ से अहिंसा की वकालत ऐसे वक्त में की गई है जब वह खुद अंदरूनी खतरों से जूझ रहा है। बीते हफ्ते ही खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रैली के दौरान सुसाइड हमला हुआ, जिसमें 54 लोगों की जान चली गई। साल 2023 के शुरुआती सात महीनों में ही वहां 18 सुसाइड हमले को चुके हैं, जिसमें 200 लोगों की जान गई, वहीं 450 से ज्यादा इन हमलों में जख्मी हुए।

### पाक की नापाक हरकतें जारी

इतना ही नहीं पाकिस्तान में महंगाई भी चरम पर है। इसी के साथ कई हिस्सों में अलग मुल्क बनाने की मांग भी तेज हो रही है। बावजूद इसके वह भारत के खिलाफ आतंकवादियों को तैयार करने की अपनी नापाक हरकत जारी रखे हुए है। उसकी तरफ से भारत में घुसपैठ, हथियार -ड्रग्स भेजना जारी ही है। पाकिस्तान के इसी रवैये की वजह से भारत ने साफ कर दिया था कि पाकिस्तान जब तक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद नहीं करेगा, तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते।

### अब घुटने टेक रहा है पाकिस्तान

अकड़ और आतंकवाद में जकड़ा पाकिस्तान अचानक भारत के आगे घुटने टेकरने को मजबूर होता दिखाई दे रहा है। वजह ये है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और गृहयुध्द जैसे हालातों से जूझ रहा है। जानकारों का मानना है कि पाकिस्तान की रीढ़ टूट चुकी है। अब उसके पास एक मात्र विकल्प शांति और सद्भाव के साथ चलने का विकल्प बचा हुआ है। आतंकियों को शह देना और उन्हे पालना अब पाकिस्तान के बस में नहीं रहा है। यदि पाकिस्तान ने खुद को नहीं सुधारा तो आने वाले समय में खुद का अस्तित्व बचाना पाकिस्तान को मुश्किल हो जाएगा।

कंपनी-अमेरिकी रक्षा मंत्री पर किया केस

## हिंदी में बात करना पड़ा भारी भारतीय को नौकरी से निकाला



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक भारतीय अमेरिकी को अपने रिश्तेदार से हिंदी में बात करना भारी पड़ गया। यहां एक भारतीय-अमेरिकी इंजीनियर अनिल वार्ष्णेय ने दावा किया है कि बीते साल उसने वीडियो कॉल के जरिए भारत में अपने एक रिश्तेदार से बात की थी, इस दौरान उन्होंने हिंदी भाषा का प्रयोग किया। जिसके कारण उसे नौकरी से निकाल दिया गया। वे मिसाइल डिफेंस एजेंसी (एमडीए) में काम करते थे। उन्होंने कंपनी और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के खिलाफ कंपनी पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है।

### जून में दायर किया मुकदमा

*अनिल वार्ष्णेय ने जून में इसे लेकर अलबामा के उत्तरी जिले में मिसाइल रक्षा ठेकेदार पार्सन्स कॉर्पोरेशन और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। उन्होंने कंपनी पर प्रणालीगत भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यप्रणाली के कारण उन्हें पिछले साल अक्टूबर में बेरोजगार होना पड़ा।*

### जानबूझकर बनाया गया निशाना

मुकदमे में दावा किया गया है कि दूसरे कर्मचारी ने झूठी और जानबूझकर रिपोर्ट किया कि भारतीय-अमेरिकी वार्ष्णेय ने गोपनीय जानकारी का खुलासा करके सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया है। वार्ष्णेय ने कहा कि वार्ता के दौरान उन्होंने कोई भी गोपनीय जानकारी नहीं दी। साथ ही वीडियो कॉल अटेंड करने से पहले वे एक खाली कक्ष में चले गए। साथ ही यह भी तय किया कि वह पूरी तरह से खाली हो। उनके मुताबिक, जिस कक्ष से उन्होंने कॉल की वह पूरी तरह से खाली था, वहां किसी तरह की कोई भी वस्तु नहीं थी। उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया था कि मिसाइल डिफेंस एजेंसी के काम से संबंधित कोई सामग्री आस-पास न हो।

संयुक्त मिलिट्री एक्सरसाइज

## चीन की आक्रामकता के बीच युद्ध का अभ्यास करेंगी भारत-अमेरिका सेनाएं

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

चीन की लगातार बढ़ती आक्रामकता के बीच भारत और अमेरिका की थलसेनाएं वार्षिक संयुक्त मिलिट्री एक्सरसाइज 'युद्धाभ्यास 2023-24' में भाग लेंगी। जिसका आयोजन अगले महीने के अंतिम सप्ताह में 25 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच अमेरिका के अलास्का में फोर्ट वेनराइट सैन्य अड्डे पर किया जाएगा। इस साल यह युद्धाभ्यास का 19वां संस्करण है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच इस युद्धाभ्यास का कई विषयवस्तुओं के साथ आयोजन किया जा चुका है। लेकिन इस वर्ष इसकी थीम को दुर्गम ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों और चुनौतीपूर्ण जलवायु परिस्थितियों के बीच एकीकृत युद्ध समूह का समावेश नाम दिया गया है। युद्धाभ्यास भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच आयोजित किया जाने वाला एक वार्षिक युद्धाभ्यास है। जिसका सालाना आधार पर भारत और अमेरिका में आयोजन किया जाता है। पिछले साल यह युद्धाभ्यास उत्तराखंड के औली में हुआ था।



### दोनों सेनाओं के बीच मजबूत होंगे संबंध

युद्धाभ्यास के जरिए भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच सैन्य संबंध और अधिक मजबूत होंगे। इसका उद्देश्य भारतीय सेना और अमेरिका की सेना के बीच सकारात्मक सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना है। एक्सरसाइज के दौरान बहुपक्षीय सैन्य पहलुओं में शामिल हेलीबोर्न, एकीकृत युद्ध समूहों का सत्यापन, एयरबॉर्न तत्व, एकीकृत निगरानी ग्रिड का अभ्यास, अभियान के दौरान लॉजिस्टिक्स से जुड़ी गतिविधियां, ऊंचाई वाले इलाकों में घायलों का प्रबंधन, बचाव व युद्धक चिकित्सा सहायता प्रदान करना मुख्य रूप से शामिल है। यह युद्धाभ्यास दोनों सेनाओं को अपने व्यापक अनुभव साझा करने और सूचना आदान-प्रदान के माध्यम से तकनीकों को बढ़ाने की सुविधा प्रदान करेगा।

### 2002 में हुई थी शुरुआत

यहां बता दें कि भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच युद्धाभ्यास की शुरुआत वर्ष 2002 में हुई थी। इसे दोनों सेनाओं द्वारा रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। पिछले साल जब यह अभ्यास उत्तराखंड के औली में आयोजित किया गया था। तब चीन ने इसे लेकर सख्त आपति जाहिर की थी। जिसके जवाब में भारत ने दो टूक अंदाज में कहा था कि यह युद्धाभ्यास एलएसी के करीब उसके इलाके में किया जा रहा है। जिसका चीन से कोई संबंध नहीं है। इसके जरिए भारत ने चीन के साथ स्थापित एलएसी से जुड़े हुए द्विपक्षीय समझौतों का कोई उल्लंघन नहीं किया है।

## पूर्वी नौसैन्य कमांड प्रमुख बने वाइस एडमिरल पेंढारकर, संभाला कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने मंगलवार को नौसेना की पूर्वी कमांड के प्रमुख यानी फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (एफओसी-इन-सी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान नौसैन्य अड्डे पर आयोजित किए गए परंपरागत परेड समारोह में वाइस एडमिरल पेंढारकर ने सबसे पहले नौसैन्य कर्मियों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और उसके बाद कमांड में मौजूद नौसैन्य कर्मियों, जंगी युद्धपोतों और नौसैन्य प्रतिष्ठानों का जायजा लिया। समारोह में कमांड के अलावा विभिन्न युद्धपोतों, पनडुब्बियों और नौसैन्य प्रतिष्ठानों के अधिकारी शामिल हुए।

### 1987 में नौसेना में हुए कमीशन

नौसेना ने बताया कि वाइस एडमिरल पेंढारकर वर्ष 1987 में नौसेना में कमीशन हुए थे। वह



राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे हैं और उन्होंने वेलिंगटन के रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज से स्नातक किया है। इसके अलावा उन्होंने रक्षा और सामरिक स्टडी में परास्नातक की डिग्री ली है। वह पनडुब्बी रोधी युद्ध के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने नौसेना में अपने तीन दशक से अधिक के करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।


सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का आरोपी

## सचिन बिश्नोई को अजरबैजान से पकड़कर भारत लाया गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड लॉरेंस बिश्नोई के भांजे गैंगस्टर सचिन बिश्नोई को जांच एजेंसी अजरबैजान से भारत ले आई है। सचिन को अजरबैजान से लाने के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम अजरबैजान पहुंची थी। सचिन बिश्नोई, सिद्धू मूसेवाला की हत्या के कुछ दिन पहले दिल्ली से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर फरार हो गया था। अब सचिन के भारत आने पर कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। गैंगस्टर बिश्नोई को हाल ही में अजरबैजान से गिरफ्तार किया गया था।

### यूएई से लाया गया था गैंगस्टर विक्रम बरार



सचिन से पहले 26 जुलाई को लॉरेंस बिश्नोई के एक और सहयोगी विक्रम बरार को यूएई से भारत के लिए लाए जाने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। विक्रम बरार का नाम भी सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस के आरोपियों में शामिल है। इसके अलावा, वह टारगेट किलिंग और एक्सटॉर्शन समेत 11 मामलों में भी वांटेड है।

### मूसेवाला को सरेआम मारी गईं थी गोलियां

29 मई 2022 को मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की सरेआम हत्या कर दी गई थी। उनकी गाड़ी को घेरकर शूटर्स ने अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं। उनकी गाड़ी को घेरकर शूटर्स ने अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं। ये शूटर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गैंग के थे।

भारतीय सेना ने मूल कैडर की चिंता किए बिना लागू किया नया नियम

# ब्रिगेडियर और ऊपर के रैंक के अफसरों के लिए एक जैसी वर्दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना ने मूल कैडर और नियुक्ति की चिंता किए बिना ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए एक समान वर्दी लागू कर दी है। इससे भारतीय सेना के एक निष्पक्ष और न्यायसंगत संगठन होने के चरित्र को भी बल मिलेगा। यह निर्णय हाल ही में हुए सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान विस्तृत विचार-विमर्श और सभी पक्षों के साथ व्यापक सलाह-मश्वरे के बाद लिया गया। पहले भी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि सेना के वरिष्ठ अफसरों के लिए एक आम पहचान स्थापित करने के प्रयास के तहत ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के सभी अधिकारी इस साल 1 अगस्त से एक समान वर्दी पहनेंगे, चाहे उनके मूल कैडर और नियुक्ति कुछ भी हो।

- सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान विचार-विमर्श के बाद लिया गया था फैसला



### हेडगियर से लेकर जूते तक सब एक समान

इसी तरह, गोरखा राइफल्स और राजपूताना राइफल्स जैसी राइफल रेजिमेंट के अधिकारी काले रैंक बैज और बटन पहनते हैं, जबकि अन्य पीतल के रंग के रैंक बैज और बटन पहनते हैं। बेल्ट भी अलग-अलग होते हैं और उन विशिष्ट रेजिमेंटों के प्रतीक चिन्ह होते हैं जिनसे अधिकारी संबंधित होते हैं। नवीनतम बदलाव में फ्लैग रैंक (ब्रिगेडियर और उससे ऊपर) के वरिष्ठ अधिकारियों के हेडगियर, शोल्डर रैंक बैज, गोरगेट पैच (कॉलर पर पहने जाने वाले), बेल्ट और जूते अब मानक वाले और एकसमान होंगे। बदलाव लागू होने के बाद ये अधिकारी कोई डोरी और थैली बेल्ट नहीं पहनेंगे।

### अलग-अलग व्यवस्था खत्म

इससे सेना में विभिन्न हथियारों, रेजिमेंटों और सेवाओं को दर्शाने वाले अलग वर्दी और साज-सामान पहनने वाले अधिकारियों की चली आ रही प्रथा समाप्त हो गई है। पैराशूट रेजिमेंट के अधिकारी मैरून रंग की टोपी पहनते हैं, जबकि पैदल सेना, बख्तरबंद कोर, लड़ाकू सहायता हथियारों और सेवाओं के अधिकारी क्रमशः हरे, काले और नीले रंग की टोपी पहनते हैं।

### आम वर्दी में यह होगा शामिल

आम वर्दी में गहरे जैतून के हरे रंग की बेरेट, बकल पर भारतीय सेना के प्रतीक चिन्ह के साथ सिंगल-पीस बेल्ट और बिना बैकिंग के पीतल के रैंक बैज शामिल होंगे। कुछ रेजिमेंटों के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली टोपी के बजाय, अधिकारियों को अपनी औपचारिक पोशाक के हिस्से के रूप में काली टोपी पहनने की संभावना है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com